स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शनिवार
20 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 6
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 298 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गेंदबाजी इकाई में भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए: मिताली राज






**एसआईटी जांच : राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

# अब होगा दूध का दूध और पानी का पानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया। भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाये। वहीं समाजवादी पार्टी की सरकार में रामभक्तों और कारसेवकों पर गोलियां चलीं और जयश्रीराम के उद्घोष पर लाठियां बरसाईं। उन्होंने कहा कि आज यही लोग रामभक्तों के सम्मान की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार ने एसआईटी का गठन किया और यह जांच पूरी निष्पक्षता से होगी। उन्होंने रामभक्तों से धैर्य बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि जब हमारे पूर्वजों ने प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान के लिये पांच सौ वर्षों तक मर्यादा के साथ संघर्ष और इंतजार किया तो 15 दिन और धैर्य रखें। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच हो रही है। दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि किसी के पास कोई राम मंदिर से जुड़े चोरी का दस्तावेज प्रमाण है तो उसे एसआईटी को सौंपे और वह जांच पूरी होने तक कोई भी अनावश्यक बयानबाजी न करे, साथ ही उन्होंने लोगों से अयोध्या और राम मंदिर को बदनाम करने वाले दुष्प्रचार के बहकावे में न आने की भी अपील की है। जिले के रुदौली विधानसभा में मां कामाख्या धाम में मुख्यमंत्री एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास और विरासत दोनों को समान महत्व देते हुए प्रदेश को नई पहचान दिला रही है। उन्होंने दोहराते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला को भक्तों द्वारा दिये गये दान चोरी की एसआईटी जांच कर रही है। कुछ ही दिनों में दूध का दूध और पानी का पानी साफ दिखायी पड़ेगा।

- **कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा राम मंदिर निर्माण का कांग्रेस ने किया था विरोध, और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर चलाई थी गोलियां**

## सीएम ने किये रामलला के दर्शन

### ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय से बनाई दूरी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामजन्मभूमि पर बने दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन और पूजन किया। मुख्यमंत्री के साथ आज श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने दर्शन-पूजन कराया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय को मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया गया क्योंकि रामलला के चढ़ावा चोरी में एसआईटी की जांच चल रही है। ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने मुख्यमंत्री को दर्शन कराया। दर्शन के समय प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व सपा से निष्कासित गोसाईंगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद रहे।

**नीट यूजी पुनर्परीक्षा तक लागू रहेगा प्रतिबंध**

# टेलीग्राम पर लगा बैन नहीं हटेगा

**नई दिल्ली।** री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि देश की इतनी बड़ी परीक्षा की सुरक्षा के लिए सरकार को आपातकालीन कदम उठाने और अस्थायी प्रतिबंध लगाने का पूरा कानूनी अधिकार है। अब 22 जून तक टेलीग्राम पूरे भारत में बंद रहेगा। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने टेलीग्राम की याचिका को खारिज करते हुए बेहद अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा, कि सभी दलीलों पर विचार करने के बाद, हमने पाया कि विवादित आदेशों की इमरजेंसी प्रकृति को देखते हुए, अधिकारियों ने प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार का यह फैसला प्रोपोर्शनैलिटी यानी की समानता की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है। देशव्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम जायज है, क्योंकि इसमें वैध उद्देश्य छिपा है और सरकार ने हालात को काबू में करने के लिए कम से कम प्रतिबंधात्मक उपाय को अपनाया है।

- **हाईकोर्ट ने कहा - सरकार के पास प्रतिबंध लगाने का अधिकार**




### नया एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा

री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा से पहले एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को नया एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा, क्योंकि 3 मई को आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र मान्य नहीं रहेगा। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करना भी अनिवार्य होगा। परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए एजेंसी ने कई नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एनटीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी, यह साफ किया जाता है कि जिन लोगों ने 21 जून की नीट यूजी परीक्षा के लिए अपने एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिए हैं, उन्हें दोबारा ऐसा करने की जरूरत नहीं है। एसएमएस/ईमेल/वॉट्सएप मैसेज मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए हैं, जिन्होंने अभी तक अपने नए एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं।

### 1.46 लाख अकाउंट्स तक थी नकल माफिया की पहुंच

सरकार ने कोर्ट को बताया कि नीट के फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाले जिन टेलीग्राम चैनलों, ग्रुप्स और बॉट्स की पहचान की गई थी, उनकी कुल पहुंच करीब 1.46 लाख अकाउंट्स तक हो चुकी थी। सरकार ने कहा कि कंटेंट हटाने के बार-बार किए गए अनुरोध जब नाकाफी साबित हुए, तब जाकर सभी विकल्पों को आजमाने के बाद ही इमरजेंसी ब्लॉकिंग ऑर्डर जारी किया गया।

## ग्रेट निकोबार प्रोजक्ट पर कांग्रेस ने पूछे सरकार से सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर पत्र लिखा।



इसमें उन्होंने पारदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही जोर देकर कहा कि परियोजना के अलग- अलग पहलुओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन स्पष्ट रूप से अपर्याप्त हैं।

कांग्रेस नेता का यह नया पत्र पिछले कुछ वर्षों में इस परियोजना को लेकर उनके और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच हुए पत्रों के आदान-प्रदान की पृष्ठभूमि में आया है। पूर्व पर्यावरण मंत्री ने यादव को लिखे अपने नए पत्र में कहा, 3 जून, 2026 के मेरे पत्र के जवाब में 13 जून, 2026 को आपकी प्रतिक्रिया के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, हालांकि यह निराशाजनक और असंतोषजनक थी। मुझे यह कहते हुए खेद है कि ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के विभिन्न पहलुओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन स्पष्ट रूप से अपर्याप्त हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों से बेहद कम हैं।

- **जयराम रमेश ने पारदर्शिता की कमी पर घेरा**

## अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत रद्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच फ्रांस में कल पीस डील पर दस्तखत होने के बाद आज स्विट्जरलैंड में आगे की बातचीत होनी थी, लेकिन यह बैठक अचानक रद्द कर दी गई। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, इसके पीछे लेबनान में इजराइल के लगातार जारी सैन्य हमले एक बड़ी वजह हो सकती है। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शुक्रवार को इजराइली हमलों में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई। दूसरी ओर, हिजबुल्लाह के हमलों में एक टैंक बटालियन कमांडर समेत 4 इजराइली सैनिक मारे गए हैं। इससे नाराज होकर इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पूरा लेबनान जलना चाहिए। बेन ग्वीर ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी कहा है कि हर इजराइली मां के आंसुओं के बदले एक हजार लेबनानी मांओं को रोना चाहिए। सीएनएन ने एक डिप्लोमैट के हवाले से बताया कि, ईरान ने कहा है कि वह स्विट्जरलैंड में अमेरिका के साथ वार्ता दोबारा शुरू करने से पहले लेबनान में सैन्य कार्रवाई रुकने की गारंटी चाहता है। ईरान ने मांग की है कि साइन हुए समझौते में तय प्रावधानों के मुताबिक लेबनान में लड़ाई खत्म होने का भरोसा दिया जाए। लेबनान में इजराइली हमलों के बाद प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता को अस्थायी रूप से टाल दिया गया है।

हालांकि बातचीत दोबारा कब शुरू होगी, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

- **लेबनान पर इजराइली हमले जारी**
- **नेतन्याहू के मंत्री बोले- पूरा लेबनान जलना चाहिए**



## 'सैन्य औद्योगिक आधार भविष्य के लिए बहुत जरूरी'

**नागपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी में आयुध कारखाने में सरकारी कंपनी यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की 10,000 टन की एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस का शिलान्यास किया। यह नई सुविधा रक्षा क्षेत्र में जरूरी एल्युमीनियम पुर्जों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पारंपरिक युद्ध और उसके तरीके आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने 1947 में थे। उन्होंने जोर दिया कि साल 2047 में भी इनकी अहमियत बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध छिड़ने पर सप्लाई चेन टूट सकती है। ऐसी स्थिति में हर देश चाहता है कि जरूरी सामान का निर्माण अपने ही देश में हो। जो राष्ट्र अपनी जरूरतें खुद पूरी करता है, वही आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।

## सिंगरौली में अर्थ फाल्ट से ट्रिपिंग 3000 मेगावाट उत्पादन प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते उत्तर प्रदेश में विद्युत मांग बढोत्तरी हुई है। इसके चलते सिंगरौली क्षेत्र की दोनों उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों में अर्थ फॉल्ट के कारण ट्रिपिंग हुई, जिसके चलते एनटीपीसी की रिहंद तापीय विद्युत स्टेशन की तीनों इकाइयां प्रभावित हुईं। इन इकाइयों के प्रभावित होने के कारण 3000 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसमें से उत्तर प्रदेश का लगभग 950 मेगावाट विद्युत हिस्सा प्रभावित रहा। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सेक्टर की ज्वाइंट वैंचर की घाटमपुर यूनिट-2(660मेगावाट )एवं खुर्जा यूनिट 2(660 मेगावाट),तथा निजी क्षेत्र की ललितपुर तापीय परियोजना यूनिट-3 (660 मेगावाट), अनपरा-सी यूनिट-1 600 मेगावाट, एवं रोजा यूनिट-1 (300 मेगावाट) भी तकनीकी कारणों से प्रभावित हुई। राज्य विद्युत उत्पादन निगम की ओबरा-सी यूनिट-2 एवं हरदुआगंज-डी यूनिट-9 भी तकनीकी कारणों से प्रभावित रही जिसे शुक्रवार को पुनः चालू कर लिया गया है। फिलहाल इन तकनीकि कारणों से आई दिक्कतों के कारण विद्युत मांग को पूरा करने में चुनौतियां आयीं है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्युत उपलब्धता बनाए रखने के लिए अन्य उपलब्ध स्त्रोतों से अतिरिक्त विद्युत की व्यवस्था का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं और विद्युत व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। प्रदेश में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे है।

- **यूपी का उत्पादन 950 मेगावाट प्रभावित**

## चार राज्यों में दालों-तिलहनों की खरीद को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने चार राज्यों में दलहन और तिलहन की बड़े पैमाने पर खरीद को मंजूरी दे दी है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह खरीद मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में की जाएगी। इसका मुख्य मकसद किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाना और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर फसल बेचने से बचाना है।

- **उत्तर प्रदेश बना सबसे बड़ा लाभार्थी**

उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा फायदा इस फैसले से उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा फायदा होने वाला है। राज्य में ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के लिए 48,298 मीट्रिक टन मूंग, 97,970 मीट्रिक टन उड़द और 41,718 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद को मंजूरी मिली है। इन फसलों की कुल एमएसपी कीमत 1,490 करोड़ रुपये से अधिक है। कृषि मंत्री के अनुसार, इस कदम से राज्य के दाल और तिलहन उगाने वाले किसानों को बहुत बड़ी मदद मिलेगी। गुजरात के लिए भी सरकार ने अहम फैसला लिया है। वहां ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के लिए 18,250 मीट्रिक टन मूंग की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसकी कुल एमएसपी कीमत 160 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। इससे गुजरात के मूंग किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिल सकेंगे। इसी तरह, हरियाणा में भी ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के दौरान 2,115 मीट्रिक टन मूंग खरीदी जाएगी।

### पीएम मोदी को अभिजीत दीपके का पत्र

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 20 जून को जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन से पहले शुक्रवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अपील कि की वह उन छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दें, जिनकी परीक्षा से जुड़े विवादों के बीच कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। इसके साथ ही उन्होंने पेपर लीक की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की अपनी मांग दोहराई है। पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में दीपके ने कहा, मैं आज भारी मन से आपको लिख रहा हूं ताकि आपका ध्यान एक बढ़ते हुए संकट की ओर आकर्षित कर सकूं जो हमारे देश के भविष्य यानी हमारे युवा छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है।

### राहुल को जन्मदिन की पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी कर राहुल गांधी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने उनके राजनीतिक संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और जनता से जुड़ाव को रेखांकित करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया यह संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है।

### होर्मुज में तीन महीने से फंसा टैंकर भारत पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय एलएनजी टैंकर दिशा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत पहुंच गया है। तीन महीने से अधिक के इंतजार के बाद 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी का कार्गो लेकर गुजरात के दहेज बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहाज ट्रैकिंग डेटा पर आधारित जानकारी के अनुसार यह जहाज अपनी यात्रा पूरी करके शुक्रवार को सुबह लगभग 7.32 बजे दहेज टर्मिनल पर पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक, टैंकर ने अपनी यात्रा पूरी करने से पहले तीन महीने से अधिक समय तक खाड़ी क्षेत्र में ही बिताया था। तेल और गैस की ढुलाई के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य से इसका सुरक्षित गुजरना भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम माना जा रहा है।

**गांवों में कदम** | **मोदी सरकार उतारेगी 100+ एरिया ऑफिसर**

# 1 जुलाई से देश के गांवों में होगा बड़ा अभूतपूर्व बदलाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 1 जुलाई 2026 से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी कानून को लागू करने जा रही है। गारंटीड मजदूरी से लेकर क्लाइमेट-स्मार्ट गांव बनाने तक, इस मिशन को जमीन पर उतारने के लिए सरकार 100 से ज्यादा एरिया ऑफिसरों को सीधे फील्ड में उतारेगी।

- **रोजगार गारंटी मिशन को लेकर आया प्लान**

**हर जिले में पहुंचेगा रिसोर्स पर्सन**

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, कानून को सुचारु रूप से लागू करने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर एरिया ऑफिसर रोलआउट के दौरान सुविधादाता और रिसोर्स पर्सन के रूप में काम करेंगे। वे राज्य सरकारों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेंगे ताकि इसके क्रियान्वयन में मदद मिल सके, स्थानीय क्षमताएं मजबूत हों, जानकारी का आदान-प्रदान हो, कामकाज से जुड़ी चुनौतियों का समाधान हो सके और बेहतर तरीकों को अपनाया जा सके।



**गांव-गांव जाकर समझेंगे जमीनी जरूरतें**

वे जमीनी स्तर के अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे ताकि क्रियान्वयन की जरूरतों को समझ सकें, अनुभवों और बेहतर तरीकों के आदान-प्रदान में मदद कर सकें, क्षमता निर्माण के प्रयासों में सहयोग दे सकें और कामकाज से जुड़े मुद्दों के समाधान में सहायता कर सकें।

आधिकारिक बयान के अनुसार, एरिया अफसरों की भागीदारी से विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल मजबूत होगा और नए फ्रेमवर्क में बदलाव के दौरान इसे प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य संस्थागत सहायता प्रदान करना और देशभर में कानून को सुचारु रूप से लागू करना है।

लगभग 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही कानून को लागू करने के लिए बजट की व्यवस्था कर ली है, जबकि छह राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने ने वीबी-जी राम जी फ्रेमवर्क के तहत अपनी राज्य योजनाएं अधिसूचित (नोटिफाई) कर दी हैं। बयान में कहा गया है कि बाकी राज्य और केंद्र शासित राज्य अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुके हैं।

**सिर्फ मजदूरी नहीं, 2047 के विजन की भी नींव**

खास बात यह है कि वीबी-जी राम जी कानून, 2025 का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को टिकाऊ और समावेशी ग्रामीण विकास का माध्यम बनाना है। इसके तहत गारंटीड मजदूरी वाले रोजगार को आजीविका संवर्धन, जलवायु अनुकूलन, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीक-आधारित शासन व्यवस्था से जोड़ा जाएगा।



## संक्षिप्त ख़बरें

### फंदे से लटकता मिला बुजुर्ग का शव

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र में मसहा गांव के पूरब स्थित महुआ के बाग में महुआ के पेड़ में नायलान के पट्टे से एक साठ वर्षीय वृद्ध का शव फंदे से लटकता हुआ मिला वृद्ध की पहचान मसहा गांव निवासी त्रिभुवन यादव उर्फ पुद्दन साठ वर्ष के रूप में हुई है। त्रिभुवन यादव का शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के बाग में संदिग्ध हालत में लटकता शव मिला। जानकारी के अनुसार त्रिभुवन यादव सुबह छः बजे के करीब घर से खेत की तरफ निकले थे करीब साढ़े सात बजे बकरी चराने वाले गांव के लोगो ने पेंड से लटकता शव देखा, जो त्रिभुवन का था । घटना की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया और वह शव को आनन-फानन मे उतार कर घर लेकर चले आए, ग्रामीणो ने तत्काल घटना की सूचना दुबौलिया पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लग्जरी कार की चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर, रेफर

**हाटा, कुशीनगर।** लग्जरी कार की चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लग्जरी कार मोके से फरार हो गया। घटना देखकर राहगीरों ने दोनों घायलों को हाटा सीएचसी पहुंचाया, जहां पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख कुशीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार की दोपहर बाद हाटा कोतवाली के गांव पड़री 60 वर्षीय सुभाष श्रीवास्तव अपने 56 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी के साथ कही गये हुए थे वापस घर आ रहें थे कि महुआरी चौराहे पर पहुंचे कि हाइवे पार करते समय गोरखपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही लग्जरी कार ने दोनों लोगों को ठोकर मार दी। इस घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देखकर राहगीरों ने दोनों घायल पति पत्नी को हाटा सीएचसी पहुंचाया, जहां पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख कुशीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वही मौका पाकर लग्जरी कार फरार हो गया।

### बाल योग शिविर में बच्चों को दिए गए योग के संस्कार

**महराजगंज।** फरेंदा रोड स्थित शंकर वाटिका हाल में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में आयोजित निशुल्क बाल योग एवं संस्कार शिविर में बच्चों को योगाभ्यास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं अच्छे संस्कारों की शिक्षा दी गई। शिविर में योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा बताया कि योग के नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ एवं मन शांत रहता है। बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता, माता-पिता एवं गुरुओं के प्रति सम्मान जैसे जीवन मूल्यों की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग और संस्कार दोनों आवश्यक हैं। इस प्रकार के शिविर बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता का विकास करने में सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक एवं योग साधक उपस्थित रहे।

### स्थानांतरित फार्मासिस्ट की हुई भावभीनी विदाई

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा के न्यू पीएचसी हरिहरपुर मे तैनात फार्मासिस्ट उमेश चंद गुप्ता का स्थानांतरण गैर जनपद हो जाने पर न्यू पीएचसी हरिहरपुर में कार्यक्रम आयोजित करके विदाई दी गयी। साथ फार्मासिस्ट उमेश चंद गुप्ता को फार्मासिस्ट विजय प्रताप सिंह ने अंग



वस्त्र , छाता, धार्मिक पुस्तक आदि देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। विजय प्रताप सिंह ने कहा फार्मासिस्ट उमेश चंद गुप्ता तीन वर्षों से न्यू पीएचसी हरिहरपुर में स्वास्थ्य सेवा दिये है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। जो हमे शासन के अनुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजकर स्वास्थ्य सेवाओं देने का अवसर प्रदान करता है। फार्मासिस्ट रमेश गुप्ता ने कहा उमेश चंद गुप्ता हरिहरपुर में स्थित न्यू पीएचसी सेंटर पर रहकर स्थानीय लोगो के दिलो में जो जगह बनाया है वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर अशोक कुमार , मनोरमा मणि, रंजीता, अरुण पटेल, सतीश चंद यादव, शकील अहमद, अजित कुमार,बबलू प्रजापति, राम पुकार मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### 319 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना, कुशीनगर।** अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुशीनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पडरौना पुलिस ने अंतरजनपदीय अवैध शराब तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 319 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और एक थ्री-व्हीलर वाहन समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 4.31 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत 18/19 जून 2026 की रात कोतवाली पडरौना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मिश्रौली पुलिस चौकी के समीप रामकोला रोड पर कार्रवाई की। पुलिस ने एक नीले रंग के ॅश्वद्द ड्डह्लह्लड्ड स्ड्डह्ण श्री-व्हीलर को रोककर तलाशी ली, जिसमें ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की की 37 पेटियां लदी थीं। प्रत्येक पेटी में 48 टेट्रा पैक तथा प्रत्येक पैक 180 मिलीलीटर का था। कुल मिलाकर 319 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2.31 लाख रुपये बताई गई है। साथ ही लगभग दो लाख रुपये मूल्य का थ्री-व्हीलर वाहन भी कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साहिल यादव पुत्र महेंद्र यादव, निवासी चिलबिलवा बलाहन टोला, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

### थानाध्यक्ष के दुर्व्यवहार से बिगड़ी बुजुर्ग की तबीयत

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के दोघरा निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग की थानाध्यक्ष द्वारा फोन पर किए गए दुर्व्यवहार के बाद तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें पहले निजी व बाद में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित के पुत्र ओमप्रकाश पांडेय ने थानाध्यक्ष पर भूमि विवाद में दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया है। साथ मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआइजी व मानवाधिकार आयोग को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में ओमप्रकाश पांडेय ने बताया है कि उनके पिता अराजी नंबर 56, रकबा 93 डिस्मिल में पांचवां हिस्सेदार रखते हैं। इसके अतिरिक्त इसी शामिल शरीक नंबर में 93 डिस्मिल भूमि उनकी तनहा है। जो उनके कब्जे व जोत-पोत में जमींदारी विनाश से पूर्व से चली आ रही है। उक्त भूमि को लेकर उनके पट्टीदार ने वर्ष 2026 में अतिकाल बाधित चकबंदी न्यायालय में वाद दाखिल किया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। आरोप है कि मुकदमे की आड़ में विपक्षी पुलिस के माध्यम से विवादित भूमि पर कब्जा करना का प्रयास कर रहा है। गत 13 जून को आयोजित थाना दिवस में राजस्व अधिकारियों के चले जाने के बाद थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने उनके पिता को कथित रूप से धमकाते हुए पैतृक भूमि छोड़ने का दबाव बनाया। इससे आहत होकर वह घर लौट आए और मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की।

## सांड़ से भिड़ा बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

**दुबौलिया, बस्ती।** राम-जानकी मार्ग पर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर के पास मोटरसाइकिल सवार सांड से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी कप्तानगंज भिजवाया जहां पर चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान हर्रैया थाना क्षेत्र के नदांये गांव निवासी रबी 22 वर्ष पुत्र फूलचंद एवं घायल की पहचान गौहनिया गांव निवासी विशाल पुत्र मेवालाल एवं अर्जुन पुत्र गणेश दत्त के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार रात करीब बारह बजे तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुबौलिया की तरफ जा रहे थे तभी राम-जानकी मार्ग पर तिवारीपुर गांव के पास सांड से टकराकर तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गये घटना की सूचना पर पहुंची, दुबौलिया पुलिस तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी कप्तानगंज भेजा जहां पर चिकित्सक ने रबी को मृत घोषित घोषित कर दिया।

# स्कूल बसों के मानक की हुई जांच

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने नगर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर स्कूल एवं कॉलेजों में संचालित बसों की सघन जांच की।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने स्कूली बसों के फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध बीमा एवं चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की गहन जांच की। इसके साथ ही बसों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक यंत्र तथा पर्याप्त दवाओं से युक्त फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता भी परखी गई।

चेकिंग के दौरान वाहन चालकों एवं स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि सभी स्कूली बसों में सीसीटीवी कैमरे सुचारू स्थिति में लगाए जाएं, वाहनों को निर्धारित गति सीमा के अंदर



चलाया जाए तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्निशामक यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स हमेशा उपलब्ध रखें।

जांच के दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिली अथवा जो वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, उनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण और विशेष चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# प्राकृतिक खेती कार्यशाला का वित्त मंत्री ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जन कल्याण शिविर एवं विकास प्रदर्शनी के तीसरे दिन कलेक्ट्रेट परिसर में स्वनिधि महोत्सव तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं सांसद महराजगंज पंकज चौधरी ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों और विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वनिधि योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना ने करोड़ों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। महराजगंज जनपद में भी 11 हजार से अधिक लाभार्थियों को 24



करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। कृषि वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास, विश्वकर्मा, आयुष्मान एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, टूलकिट और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। अंत में अतिथियों ने वृक्षारोपण भी किया।

# नवनिर्मित थाने का हुआ निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र सिंह एवं सीओ सदर अंकुर गौतम ने शुक्रवार को सिन्दुरिया में बन रहे नव निर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया।



इस दौरान सीडीओ श्री सिंह ने थाना भवन का प्रत्येक कक्ष का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमी को संबंधित ठीकेदार को अवगत कराये और जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मेस, बैरख, स्नान कक्ष, लाकअप सहित समस्त कमरों का क्रमवार निरीक्षण किया। और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद सीओ सदर अंकुर गौतम के द्वारा भी नवनिर्मित थाने का निरीक्षण किया गया और ठेकेदार को बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एक्ससीएन विद्युत अरुण कुमार यादव, एक्ससीएन पी डब्लू डी आर के मिश्रा थानाध्यक्ष सिन्दुरिया विशाल कुमार शुक्ल समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में आज पुलिस अधीक्षक सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पीस कमेटी की बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं समुदायों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का सभी संबंधित अधिकारी एवं आयोजक गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि आगामी त्यौहार पूर्ण शांति एवं सौहार्द के साथ सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ताजिया जुलूसों के पारंपरिक मार्गों का पुनः सत्यापन कर लिया जाए तथा मार्गों एवं चौराहों से जुड़े किसी भी विवाद का समाधान उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को तथा संवेदनशील स्थलों पर आवश्यकतानुसार इंसुलेशन की व्यवस्था की जाए ताकि ताजिए सुरक्षित रूप से गुजर सकें।




निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जुलूस मार्गों का गहन निरीक्षण कर नीचे लटक रहे अथवा जर्जर विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। सभी विद्युत पोलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए जिलाधिकारी ने ताजियादारों से अपील की कि ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए। साथ ही डीजे संचालकों की सूची तैयार कर उन्हें निर्धारित ध्वनि सीमा (डेसिबल) के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने के निर्देश दिए जाएं।

बैठक में नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, चूने का छिड़काव, गड्ढामुक्त सड़कें तथा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को मोहर्रम के दौरान एम्बुलेंस एवं चिकित्सा टीमों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि किसी भी स्थिति में ताजिए की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई वाले ताजियों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद की समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, पीस कमेटी के सम्मानित सदस्य एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है योग : कर्नल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए युवा चेतना पुस्तकालय बस्ती के तत्वावधान तथा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली, युवा विकास समिति बस्ती, पतंजलि योग समिति बस्ती, इंडियन योग एसोसिएशन बस्ती एवं महिला पतंजलि योग समिति बस्ती के संयुक्त आयोजन में मालवीय रोड स्थित एक मैरेज हॉल में कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ओम प्रकाश आर्य के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देना तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य अतिथि कर्नल केसी मिश्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा में संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग



भारतीय ज्ञान-परंपरा का जीवन-दर्शन है, जो व्यक्ति को स्वयं, समाज और प्रकृति से जोड़ता है।

विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह ने हाइब्रिड मोड में जुड़कर प्रतिभागियों को संबोधित किया। सुभाष चन्द्र आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण आज पूरी दुनिया योग से जुड़ी है। यह भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि, सांस्कृतिक शक्ति तथा सनातन परंपरा को वैश्विक स्वीकृति मिलने का प्रमाण है।

विशिष्ट अतिथि डा नवीन सिंह ने कहा कि योग हमें 'मैं' से 'हम' तक की यात्रा करवाता है तथा स्वयं और समाज से जोड़ने का कार्य करता है। योगाचार्य डा प्रवेश कुमार, गरुणध्वज पांडेय, कामना पांडेय एवं सौरभ तुलस्यान ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का पूर्वाभ्यास कराया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक, आजीवन सदस्य और नियमित साधकों एवं उपरोक्त संस्थाओं द्वारा लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव श्याम, बबिता गौतम, राजेश गौतम, किरन वर्मा, किरन ओझा, पुष्पा सिंह, मीरा बबली शर्मा, विजय कुमार, श्रवण कुमार, राम मोहन पाल, रजनी मिश्रा, रत्नेश मिश्र, प्रवीण त्रिपाठी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं महिला प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# छठ घाट का हुआ शिलान्यास

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बनकटी, बस्ती।** गुरुवार को नगर पंचायत बनकटी के वार्ड संख्या-06 मोहन नगर बरण्डा में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए भव्य छठ घाट निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन एवं शिलान्यास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बनकटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इंजीनियर अरविंद पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान सावित्री देवी पत्नी रामजीत चौहान तथा क्षेत्र की महिलाओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर किया गया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि इंजीनियर अरविंद पाल ने कहा कि छठ पर्व पूर्वांचल की आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मोहन नगर बरण्डा के लोगों की यह वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे नगर पंचायत द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

इस अवसर पर मनोनीत सभासद



विवेकानंद शुक्ल, सभासद सुभाष शर्मा, इंजीनियर अरविंद पाल, हफीज भाई, बंटी पांडेय, पूर्व प्रधान परमात्मा यादव, कौशल पाल, अश्वनी त्रिपाठी, ब्रह्मानंद पांडेय, शशि गौड़, राजेन्द्र यादव, लालचंद यादव, अतुल पाल, राम चन्द्र पांडेय, पवन पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गौ आश्रय स्थलों का नियमित हों निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** जनपद में गोवंश संरक्षण एवं उनके समुचित रखरखाव की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गो संरक्षण नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विकास खंडों एवं नगर निकायों में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गोवंशों के संरक्षण, चारे-पानी की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित रूप से निकटतम गो आश्रय स्थलों तक



पहुंचाने की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गो आश्रय स्थलों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गो संरक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सभी विभाग सामूहिक रूप से कार्य करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, डीएफओ डा शिरीन, सीवीओ डा एके गुप्ता, डीपीआरओ धनश्याम सागर, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार, उमाकान्त तिवारी, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव सहित गो संरक्षण कार्यों से जुड़े नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में दो घायल

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित शाही पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार दोपहर एक लग्जरी कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। मऊ जनपद के वलीदपुर कुसुम घाट निवासी रामप्रवेश भारती पुत्र बिंध्याचल अपनी क्रेटा कार से फोरलेन मार्ग होते हुए तमकुहीराज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाही पेट्रोल पंप के पास पटहेरवा थाना क्षेत्र के मझौवा निवासी बृजेश गिरी की बाइक से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालक घायल हो गए, जबकि कार सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पटहेरवा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज भेजवाया।

## मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी का आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले के थाना तरया सुजान क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है। वायरल वीडियो में एक युवक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित रूप से अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणी करता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों में नाराजगी और चर्चा का माहौल बन गया। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि उक्त युवक इस्राफील अंसारी है, जो थाना तरया सुजान अंतर्गत इस्माइल चौराहा, कुशीनगर का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से पहले इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद हिंदू रक्षा दल ने इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए मोर्चा संभाल लिया। संगठन के प्रांत प्रभारी अर्जुन किशोर शाही के नेतृत्व में थाना तरया सुजान पहुंचकर थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आई टी एक्ट के तहत एफ0आई0आर दर्ज कर ली और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की सक्रियता के बाद आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। हिंदू रक्षा दल का कहना है कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने का काम कर सकती है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। संगठन ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# रोहिणी नदी में मिला शव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नए गांव स्थित रोहिणी नदी में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीश निषाद (48 वर्ष) पुत्र हीरालाल, निवासी ग्राम रामपुर नयागांव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला तुरंत सक्रिय हो गया।

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई थी। ग्रामीणों के अनुसार, जगदीश निषाद शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले थे और नदी की ओर गए थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी



तलाश शुरू की।

करीब साढ़े दस बजे के आसपास ग्रामीणों को नदी में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसकी पहचान बाद में जगदीश निषाद के रूप में हुई। सूचना तत्काल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। आपदा मित्रों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोहिणी नदी में कई स्थानों पर गहराई अधिक है, जिससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि नदी-नालों के किनारे सतर्कता बरतें और अकेले जाने से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन 21 व 22 को

**गोरखपुर।** लाज निपाल नंबर 38 और मेदांता हॉस्पिटल, गुड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 व 22 जून 2026 को निपाल लाज परिसर में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है। यह जानकारी लाज निपाल नंबर 38 के सचिव आशुतोष सिंह एडवोकेट ने दी. उन्होंने बताया कि इस कैंप में दोनों दिन प्रातः 10 से 2:00 बजे दिन तक ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर,बीएमडी (हड्डियों की जांच) फेफड़ों की जांच के साथ इसीजी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. इस दौरान बेहतर परामर्श के लिए सीनियर फिजिशियन और हृदय रोग विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेंगे। श्री सिंह ने गोरखपुर की जनता का आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में निशुल्क मेडिकल जांच का लाभ उठाएं।

# नगर आयुक्त ने गारबेज स्टेशन का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** नगर आयुक्त अजय जैन ने शनिवार को चरगावां स्थित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन एवं महेसरा स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

चरगावां स्थित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि यहां से निकलने वाली सभी कचरा वाहनों में अनिवार्य रूप से आरएफआईडी (ऋन्नढ्ढ) टैग लगाए जाएं, जिससे वाहनों की आवाजाही और कचरे के परिवहन की निगरानी बेहतर तरीके से की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि एक साथ गाड़ियों के वजन और उनमें लदे कचरे की मात्रा की निगरानी नगर निगम कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ढ्ढष्टष्ट) से की जा सके। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी



और कचरा प्रबंधन प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सकेगा।

इसके बाद नगर आयुक्त ने महेसरा स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में उगी घास की साफ-सफाई कराकर पूरे क्षेत्र को समतल कराने के निर्देश दिए, ताकि कार्यस्थल व्यवस्थित और सुरक्षित बना रहे। सेंटर के संचालक ने बताया कि यहां महानगर से एकत्रित किए गए निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) से इंटरलॉकिंग टाइल्स और बैठने के लिए बेंच तैयार किए जा रहे हैं, जो कचरे के पुनः उपयोग का एक सराहनीय उदाहरण है।

नगर आयुक्त ने तैयार हो रही इंटरलॉकिंग टाइल्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उनका स्ट्रेंथ टेस्ट कराने के निर्देश दिए, ताकि इनका उपयोग सुरक्षित और टिकाऊ हो सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि प्लांट में लगी मशीनों के ऊपर शेड नहीं है, जिससे उनमें जंग लगने की आशंका बनी रहती है। इस पर उन्होंने तत्काल मशीनों के ऊपर शेड लगवाने और मशीनों की नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाओं को तय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

# सुधाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय अभिकर्ता संघ (लियाफी) का राष्ट्रीय अधिवेशन हैदराबाद में 16 से 18 जून तक आयोजित हुआ। इसमें देशभर के पांच हजार अभिकर्ता प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गोरखपुर के सुधाकर चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष चुने गए। पहली बार गोरखपुर के किसी अभिकर्ता को उत्तर-मध्य क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया है।



देशभर में लगभग 13.50 लाख एलआईसी अभिकर्ताओं के संगठन लियाफी के तीन वर्ष पर होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन और चुनाव में सुधाकर चतुर्वेदी को निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। कानपुर के विजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव चुने गए। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य क्षेत्र में 2.85 लाख अभिकर्ताओं की उम्मीदें हैं कि अभिकर्ताओ के लिए स्वास्थ्य बीमा भुगतान मंडल स्तर पर किया जाए।

उनके निर्वाचन पर पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान पांडेय, संजय सिंह, शैलेंद्र मिश्र, उमेश चंद रघु, संजय तिवारी, राजेश चौहान, राम विनय पांडेय, राम चंद्र शुक्ल, शंकनाथ शर्मा, अवधेश चौबे, प्रमोद मिश्र, डॉ. जय प्रकाश वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव व वशिष्ठ पांडेय आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# १२वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई बैठक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए जनपद प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन तारामंडल स्थित दिग्विजयनाथ पार्क में सुबह 6 बजे से किया जाएगा, जिसमें जनपद के आला अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन स्वेच्छा से भाग लेंगे। इस अवसर को सफल और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रतिभागी सुबह 5:30 बजे तक दिग्विजयनाथ पार्क में पहुंच जाएं, ताकि 6 बजे से शुरू होने वाले सामूहिक योग सत्र में समयबद्ध तरीके से सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। योग दिवस के इस विशेष आयोजन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर देश-प्रदेश के लोगों को संबोधित करेंगे और योग के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे।



प्रशासन द्वारा पार्क में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम और संबंधित विभागों को विशेष रूप से साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह भी साफ देखा जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन और आम नागरिक बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि यह कार्यक्रम न केवल भव्य हो, बल्कि लोगों में योग के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंचाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए एक प्रेरणा का अवसर है, जिसे उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए।

# जिलापूर्ति अधिकारी का आजमगढ़ तबादला

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** जनपद के जिलापूर्ति अधिकारी (डीएसओ) रामेन्द्र प्रताप सिंह का तबादला आजमगढ़ कर दिया गया है। लगभग चार वर्ष ग्यारह माह तक गोरखपुर में अपनी सेवाएं देने के बाद अब वह आजमगढ़ में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। श्री सिंह 24 जुलाई 2021 को गोरखपुर में जिलापूर्ति अधिकारी के पद पर तैनात हुए थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गोरखपुर में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान रामेन्द्र प्रताप सिंह ने राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, पात्र लाभार्थियों तक समय से खाद्यान्न पहुंचाने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उनके कार्यकाल को अपेक्षाकृत निर्विवाद माना जाता है। उन्होंने विभागीय स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे वितरण प्रणाली में सुधार देखने को मिला। कोविड-19 जैसे चुनौतीपूर्ण समय में भी उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा, जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को राहत मिली।

वहीं, शासन द्वारा मुरादाबाद में तैनात जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह को गोरखपुर का नया डीएसओ नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उनके सोमवार को गोरखपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण करने की संभावना है। अजय प्रताप सिंह के पास भी विभागीय कार्यों का अच्छा अनुभव है और उनसे उम्मीद की जा रही है कि वह गोरखपुर में जन वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

# राष्ट्रसेवा का पाठ पढ़ेंगे कैडेट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां, (गोरखपुर)।** 44 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी. गोरखपुर के तत्वावधान में भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज, सहजनवा में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। दस दिवसीय यह प्रशिक्षण शिविर 19 जून से 28 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट भाग ले रहे हैं।

शिविर के उद्घाटन सत्र में कैडेटों को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने एन.सी.सी. के उद्देश्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कैडेटों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल को निखारने का सशक्त माध्यम है।

वहीं कैंप कमांडेंट ने आगे बताया कि कैडेटों को शिविर के दौरान अपनाई जाने वाली अनुशासनात्मक व्यवस्थाओं एवं आचरण संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी दी। उन्होंने हथियार प्रशिक्षण एवं फायरिंग अभ्यास के दौरान प्राप्त होने वाले व्यावहारिक अनुभवों और उनके महत्व से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट प्रभाकर शाही, चीफ ऑफिसर अनिल गुप्ता, फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह, सेकंड ऑफिसर सूर्य प्रताप सिंह, लेफ्टिनेंट अरुण यादव, लेफ्टिनेंट वंदिता त्रिपाठी, सूबेदार मेजर एम.एल. अब्राहम सूबेदार कवराज भाटी, जीसीआई आकांक्षा मौर्या, सीटीओ नीला चैटर्जी सहित पी.आई. स्टाफ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण शिविर कैडेटों को सैन्य जीवन की बारीकियों से



परिचित कराने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुणों का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# दो पक्षों में मारपीट १० पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सड़सड़ा बुजुर्ग गांव में नाली के पानी के निकास को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सड़सड़ा बुजुर्ग निवासी जिलेदार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके विपक्षी हीरा, राजदेव यादव, रितेश, राजनाथ, बैरागी तथा किसुन उनकी जमीन की नाली से पानी बहा रहे थे। नाली बंद करने पर विपक्षी पक्ष के लोग गोलबंद होकर पहुंच गए और लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र वीरेंद्र मिश्रा और शैलेन्द्र मिश्रा को भी पीटा गया। मारपीट के दौरान वह स्वयं गिरकर बेहोश हो गए। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष के राजदेव यादव पुत्र कपिलदेव यादव ने आरोप लगाया कि उनके घर के सामने स्थित पशुशाला में वह पशुओं को नहला रहे थे और पानी उनकी ही जमीन में जा रहा था। इसी बात को लेकर जिलेदार मिश्रा उन्हें गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जिलेदार मिश्रा ने अपने परिजनों को उकसाया, जिसके बाद जयप्रकाश मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, रिंकी तथा अन्य लोग उन पर टूट पड़े। आरोप है कि वीरेंद्र मिश्रा घर से कुदाल लेकर आए और हमला कर दिया, जिससे उनके कंधे पर चोट लग गई। बीच-बचाव करने पहुंचे हीरालाल को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

# मां समयस्थान की भूमि का हुआ पूजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बड़हलगंज।** पूरे क्षेत्र के आस्था का केन्द्र मदरिया के पास पड़ौली में स्थित समयस्थान मंदिर के सुन्दरीकरण व यात्रियों के सुविधा के लिये यात्री निवास कार्य का शुभारंभ चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने भूमिपूजन कर किया।

विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि यहां के जनता की मांग काफी दिनों से थी कि यहां जनसुविधा की कमी हैं यहां उसी क्रम में सुप्रसिद्ध मंदिर समयस्थान के सुन्दरीकरण और श्रद्धालुओं के सुविधाओं के निर्माण के लिये 2 करोड़ रुपये अवमुक्त किया गया, पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के सुन्दरीकरण श्रद्धालुओं के लिये यात्री निवास , मंदिर के गेट का निर्माण, मंदिर के सामने पेवर ब्लाक, स्तम्भ, यात्रियों के लिये गजीबों, दीपक स्तम्भ, माता जी की वाल पेन्टिग, श्रद्धालुओं के लिये पेय जल की व्यवस्था, इण्टरलांकिग होना है।

कार्य का शुभारंभ व भूमिपूजन करने के बाद विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि इस कार्य का शिलान्यास सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ महराज जी ने 13 जून को महुआपार के सभा में कर चुके हैं इस अवसर पर सभा का संचालन विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने किया, सभा को सम्बोधित वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल भट्ट व वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र ने किया इस अवसर पर मुख्य रुप से बड़हलगंज के चेयरमैन प्रतिनिध महेश उमर, भाजपा नेता आनंद चंद, अजय मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि, अर्जुन सिंह, रमेश शाही, बलवंत यादव, रामलोचन, संगम यादव, उमेश यादव, लव कुमार त्रिपाठी, संतोष राय, भाजपा नेता देवेश निषाद, आलोक शुक्ल,



भगवान दूबे, रामललित तिवारी, जयशंकर मिश्र, प्रधान संतोष मिश्र, दीपक सिंह, पंकज सोनकर, अष्ठभुजा सिंह, प्रशांत शाही, बजरंगी शर्मा, सुमित सिंह, इन्सपेक्टर बड़हलगंज अतुल श्रीवास्तव के साथ सभी क्षेत्रवासी मौजूद रहे!

## डॉ. हितांशु हुए सम्मानित



**बड़हलगंज।** बड़हलगंज उपनगर के सर्राफा व्यवसायी व पत्रकार हरिश्चंद सोनी के पुत्र डा. हितांशु सोनी का गोरखपुर एम्स में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रुप में चयन हुआ है। वह अब एम्स में अपनी सेवा देंगे। उनकी प्राथमिक शिक्षा बड़हलगंज के सेंट जोसेफ स्कूल से हुई है। हितांशु के चयन पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डा. सतीश चन्द्र शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, डा. एसडी दुबे आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट सितारों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बड़हलगंज।** मिनी ग्रामीण स्टेडियम, बड़हलगंज में अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे बाल क्रिकेटरों को प्रतियोगिता में सफल होने पर ट्राफी और टीशर्ट के साथ मेडल दे कर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को बड़हलगंज मिनी ग्रामीण स्टेडियम में बाल क्रिकेटर सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित कर रहे चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि आज यह बच्चे जो सीमित संसाधनों में अपनी प्रतिभा को निखार रहे है कल वह देश के चमकते क्रिकेट के सितारे बनेंगे।

श्री उमर ने मिनी ग्रामीण स्टेडियम की विजेता बड़हलगंज क्रिकेट टीम और उप विजेता गोला क्रिकेट टीम को ट्रॉफी के साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल व टीशर्ट प्रदान किया।

इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी विपुल गुप्ता, जनसेवा



संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, सभासद दीपक शर्मा संजीत कुमार, गौरव शाही उमेश यादव, मनोज निगम, विकास गौड़ अमलेश भारती,आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मरीजों में वितरित किये फल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महानगर अध्यक्ष रवि प्रताप निषाद के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश सिंह, अधीक्षक डॉ. बी.के. सुमन, डॉ. मुकुल द्विवेदी तथा जाहिदा खातून की देखरेख में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर इमरजेंसी वार्ड, महिला ऑर्थो वार्ड तथा पुरुष ऑर्थो वार्ड के मरीजों को फल वितरित कर राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सदल प्रसाद, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो तथा प्रदेश सचिव एवं बस्ती प्रभारी दिलीप कुमार निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



महानगर अध्यक्ष रवि प्रताप निषाद ने कहा कि राहुल गांधी किसानों, युवाओं, छात्रों, दलितों, निषादों और शोषित वर्ग की आवाज हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विषम परिस्थितियों में भी न झुके हैं और न डरे हैं। उनकी सोच बेहतर भारत के निर्माण की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में महेंद्र मोहन तिवारी, राजेंद्र यादव, अजय कन्नौजिया, डॉ. पी.एन. भट्ट, स्नेहलता गौतम, तौकीर आलम, प्रेमलता चतुर्वेदी, देवेंद्र निषाद धनुष, चंद्रिका भारती, प्रभात चतुर्वेदी, सदानंद पांडेय, ऋषि चंद गुप्ता, सोनू पासवान, राजेंद्र प्रसाद, अजय मिश्रा, रामू कुशवाहा और सी.पी. राय सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पादरी बाजार में २० घंटे विद्युत आपूर्ति ठप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** पादरी बाजार और हनुमंत नगर क्षेत्र में बिजली संकट अब विकराल रूप ले चुका है। क्षेत्र में 18 जून की रात से शुरू हुई कटौती 20 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बहाल नहीं हो सकी है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को यह तक नहीं पता कि सप्लाई बंद है या लाइन ही कहीं से कटी हुई है। विभाग की ओर से स्पष्ट जानकारी न मिलने से लोगों में भारी आक्रोश है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, रातभर बिजली नहीं रहने से लोग भीषण गर्मी में परेशान रहे। सुबह के समय महज कुछ मिनटों के लिए सप्लाई आई और फिर गायब हो गई। दोपहर में भी थोड़ी देर के लिए बिजली आई, लेकिन वोल्टेज इतना कम था कि पंखे तक ठीक से नहीं चल सके। मोटर न चल पाने से पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। घरों की टंकियां खाली हो चुकी हैं और लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इतनी लंबी कटौती के बावजूद बिजली विभाग की ओर से न तो कोई सूचना दी गई और न ही समस्या के समाधान को लेकर कोई सक्रियता दिखाई दे रही है। शिकायत करने पर भी अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। लोगों में यह आशंका भी है कि कहीं लाइन में बड़ा फॉल्ट तो नहीं, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

गर्मी और उमस के बीच बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की हालत खराब हो रही है। रातभर लोग छतों और गलियों में समय बिताने को मजबूर हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह सहित जनपद के विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों से विस्तारपूर्वक संवाद किया गया तथा त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में नगर पालिका बलरामपुर क्षेत्र के नहरबालागंज में कर्बला स्थल पर उपस्थित सभी पक्षों एवं गणमान्य लोगों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरबालागंज स्थित कर्बला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब एवं आपसी सौहार्द इसकी सबसे बडी पहचान है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर कडी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में जनपद के गणमान्य नागरिकों ने भी प्रशासन को त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## जहरीला पदार्थ खाने से दो की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** अलग-अलग स्थान पर महिला समेत दो लोगों ने आत्महत्या करने के लिए जहरीला पदार्थ खा लिया।कुंडा कोतवाली के मौली निवासिनी कुसुम देवी 38 पत्नी सुरेंद्र कुमार ने पारिवारिक विवाद के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया।बाघराय थाना के बिहार निवासी अंकित साहू पुत्र संत लाल ने पारिवारिक कलह से तंग आकर अत्यधिक मात्रा मे नशीला पदार्थ खा लिया।हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

## चोरी की बाईक के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली पुलिस ने ढकवा जाने वाले तिराहे से अर्श तिवारी पुत्र राकेश तिवारी निवासी अकारीपुर तिवरान थाना आसपुर देवसरा को चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार किया है।

# बेल्हा देवी धाम सई नदी के तट पर योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से मां बेल्हा देवी मंदिर धाम परिसर व सई नदी के तट पर योगाभ्यास किया।लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष,गौरव,शक्ति एवं अवध के द्वारा योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम मे आयुष विभाग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया व नियमित योग के लाभों की जानकारी दी।आयोजन मे तरुण चेतना संस्थान अध्यक्ष मो.नसीम का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन कुशवाहा ने लायंस क्लब के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम मे भी सहयोग की अपेक्षा जताई।योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ त्रिभुवन राम,डॉ जय प्रकाश,डॉ सिमी गुप्ता,डॉ आकांक्षा पाण्डेय,डॉ ब्रह्मानंद, अशोक आदि ने भूमिका निभाई।योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम मे आरबी सिंह,अशोक प्रताप सिंह,डॉ श्याम शंकर शुक्ल,राजेश बहादुर पाल,दिनेश प्रताप सिंह,हरिशंकर सिंह 'हैप्पी',संतोष पाण्डेय, पिंकी दयाल,अनीता पाण्डेय,सोनी पाण्डेय, अंजू तिवारी,कृष्णानन्द त्रिपाठी,अजय पाण्डेय,रणविजय सिंह,राजेश पाण्डेय,राम लखन सिंह,सरिता आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जून के तृतीय शनिवार 20 जून 2026 को तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

### सड़क हादसे में घायलों की मदद कर ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई संवेदनशीलता

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नानपारा क्षेत्र में यातायात पुलिस ने तत्परता और मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसे में घायल युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश तथा अपर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में लखीमपुर-नानपारा बायपास मार्ग पर कुरमिनपुरवा के निकट सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान रुपईडीहा की ओर से ऑटो पर सवार कृपाराम और उनके साथी बुधई, निवासी नकहा इमामगंज, नानपारा की ओर आ रहे थे। तभी लखीमपुर की दिशा से आ रही एक कार की टक्कर से ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कृपाराम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पैर टूट गया, जबकि उनके साथी बुधई को हल्की-फुल्की चोटें आई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद यातायात विभाग की ट्रैफिक पुलिस ने बिना देर किए मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल कृपाराम को एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल अस्पताल भिजवाया। पुलिस की तत्परता से घायल को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल की सराहना की है, जिससे एक बार फिर पुलिस के जनसेवक स्वरूप की मिसाल सामने आई है।

### भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रारम्भ की गई भारतनेट उद्यमी योजना

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जिला महाप्रबन्धक दूर संचार निगम लिमिटेड बहराइच मुकेश आनन्द ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से भारतनेट उद्यमी योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति कम पूंजी लगाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना के शुरुआती चरण में लगभग डेढ लाख रुपये के न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होगी। बीएसएनएल से जुड़ने के बाद उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राडबैंड सेवाओं से उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। इसके लिए विभाग की ओर से आकर्षक भुगतान की व्यवस्था की गई है। श्री आन्नद ने बताया कि भारतनेट उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे आसानी से अपनी आजीविका का संचालन कर सकें और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके। सीतापुर व्यापार क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण मोहन श्रीवास्तव ने इस योजना को युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवक बीएसएनएल कार्यालय में कार्यरत उप मंडल अभियंता दीपक वर्मा अथवा मोबाइल नंबर 9451101171 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना के रूप का पुरवा बेंती गांव निवासी बृजेन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर दी है।आरोप है कि 18 जून की सुबह नाली के विवाद में गांव के ही कुछ लोग उसके दरवाजे आकर गालियां देने लगे।गालियों का विरोध करने पर लोग उसे और उसके भाई बृजेश यादव को लाठी से पीटने लगे।शोर सुनकर बचाव को दौड़ी उसकी मां राजपति देवी,पत्नी शीला यादव,भाभी मंजू देवी,बेटी जाह्नवी को भी मारा पीटा।शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ओम प्रकाश यादव,अतुल यादव, दीपक यादव,सुरेश यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### टावर पर चढ़ने वाले युवक पर पुलिस ने ठोंका मुकदमा

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** अपनी मांग को मनवाने के लिए टावर पर चढ़ने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा ठोक दिया है। हथिगवां थाना के नरसिंहपुर निवासी आकाश पटेल पुत्र मिश्रीलाल पटेल मलाका रजाकपुर स्थित बीएसएनएल के टावर पर गुरुवार सायंकाल पैसे के मामले को लेकर चढ़ गया।घंटों परेशान होने के बाद पुलिस की मान मनौव्वल के बाद युवक नीचे उतरा।युवक की इस हरकत से नाराज इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने आकाश पटेल के खिलाफ थाने में तहरीर दी।आकाश पटेल अपनी अनुचित मांग मनवाने को लेकर भीड़ इकट्ठा करके लोक सेवक के कार्यों मे बाधा उत्पन्न की।घटना की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस कार्रवाई से लोगों में चर्चा रही कि कुंडा में 29 मार्च और 16 जून को दो-दो बार नगर के फरेदूपुर मे किशोरी टावर पर घंटों चढ़ी रही,लेकिन कुंडा पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रयास नहीं किया।इससे लोगों में गलत संदेश गया कि अपनी मांग मनवाने के लिए टावर पर चढ़ना सबसे आसान तरीका है।अब मुकदमा दर्ज होने के बाद अब लोग टावर पर चढ़ने से बचेंगे।

# सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान



**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 282 विधानसभा बलहा के गायघाट मंडल अंतर्गत सेक्टर चंदनपुर, बलसिंहपुर, दौलतपुर व पेट्रहा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शांति रावत, जिला कार्य समिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी बहराइच द्वारा देव तुल्य कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प समस्त कार्यकर्ताओं के साथ लिया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। शांति रावत ने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार बनाने हेतु भगीरथ प्रयास करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प – सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास – के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण हेतु हम सभी का योगदान और सहयोग आवश्यक है। इस शुभ अवसर पर गायघाट मंडल के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद पांडे, मंडल महामंत्री कमलेश चौहान, मंडल महामंत्री रामराज वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष चंदनपुर मुन्नालाल वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष नौसर गुमटियां राममूरत गुप्ता, सेक्टर अध्यक्ष पेट्रहा रामानंद चौहान, सेक्टर अध्यक्ष दौलतपुर दिनेश निषाद, पूर्व प्रधान दौलतपुर अवधेश निषाद, बूथ अध्यक्ष पंकज कुमार पांडे, फौजदार गुप्ता, अरविंद कुमार, राजकुमार (बूथ अध्यक्ष जगतापुर) सहित ग्राम पंचायत के सम्मानित मतदाता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए।कुंडा कोतवाली के रैयापुर बाबू का पुरवा निवासी आर्यन पटेल 16 पुत्र विजय कुमार पटेल क्रिकेट मैच खेलते समय गेंद चेहरे पर लगने से मैदान में ही गिरकर बेहोश हो गया।परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।कुंडा कोतवाली के बड़ूपुर निवासी राजा राम मौर्य 65 पुत्र सुखदेव प्रसाद मौर्य शुक्रवार अपराह्न विक्की से अपने घर कुंडा से वापस जा रहे थे।रास्ते में शेरगढ़ के पास सामने अचानक एक कुत्ता के आ जाने से अनियंत्रित होकर टकराने से सड़क पर गिरकर घायल हो गए।कुंडा कोतवाली के फरेदूपुर मोहल्ला निवासी अभिषेक सिंह 24 पुत्र अभय सिंह बाइक से जाते समय रास्ते में चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गए।इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# क्षेत्रीय वन अधिकारी को भावभीनी विदाई दीपक कुमार मिश्रा ने संभाला कार्यभार

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के अंतर्गत मूर्तिहा रेंज में लगभग तीन वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश कुमार के स्थानांतरण पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वन एवं वन्यजीव संरक्षण, अवैध कटान पर नियंत्रण तथा स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर मूर्तिहा रेंज की कार्यप्रणाली को नई पहचान दिलाई। स्थानांतरण के उपरांत क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने मूर्तिहा रेंज का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित विदाई एवं स्वागत समारोह में वन दरोगा अवनीश कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ऋषभ प्रताप सिंह, वनरक्षक आशीष पाल सहित समस्त वन स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही कार्यक्रम में पत्रकार जुनैद खान, जैद खान, ओवैस रहमान, इमरान खान तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य ग्रामीणों की सहभागिता रही। इस मौके पर धर्मपुर रेंज से आए नए क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि मूर्तिहा रेंज वन्यजीवों और प्राकृतिक संपदा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से वन संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा। वन दरोगा अवनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रत्नेश कुमार का कार्यकाल हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनके नेतृत्व में टीम भावना और कार्य के प्रति समर्पण की भावना और अधिक मजबूत हुई। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नए क्षेत्रीय वन अधिकारी का स्वागत किया। विदाई समारोह के दौरान कई पल भावुक कर देने वाले रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने 62वीं बार किया रक्तदान केजीएमसी में देहदान का भी लिया संकल्प



**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जननायक राहुल गांधी जी के 56वें जन्मदिवस पर आज आज कांग्रेस जनो ने जिला चिकित्सालय परिसर में झाडू लगा कर सफाई/श्रमदान करने के पश्चात रक्तदान किया।इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह ने अपने जीवन का 62वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने ने बताया कि वे छात्र जीवन 1995 से अब तक साल में दो बार बराबर रक्तदान करते आ रहे हैं। उन्हें 31वर्ष रक्तदान करते हुए हो गया है।साथ ही उन्होंने के जी एम सी लखनऊ में सम्पूर्ण अंगदान भी कर दिया है।ताकि उनके न रहने पर मेडिकल कॉलेज के छात्र उनकी बाडी पर शोध कर सके। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। उक्त अवसर कांग्रेस नेता अवध राज पासवान,विद्यांश शुक्ला राम नरेश यादव मालती पासवान रवीन्द्र स्वरूप विष्णु यादव रमेश चंद्र मिश्र आनंद बौद्ध गौतम मिश्रा इशारत खान सहित कई लोगों ने भाग लिया।

# अनधिकृत कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन का चला चाबुक



**उतरौला/बलरामपुर।** गुरुवार को तहसील अन्तर्गत ग्राम बडहरा कोट में ग्राम सभा के रास्ते की भूमि पर अनधिकृत कब्जा करने वालों के खिलाफप्रशासन ने अपनासख्त रुख अपनाते हुए कार्यवाही तेज कर दी है। प्रशासन की लगातार हो रही कार्यवाही से कब्जा धारकों में भय का माहौल व्याप्त है। रास्ते की भूमि जिसका गाटा संख्या 662 पर तहसीलदार न्यायालय के द्वारा बेदखली आदेश के बावजूद भी अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही नहीं की गई जिसको राजस्वविभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर कब्जा धारक सन्त राम के द्वारा रास्ते पर बनाए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही से प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र पर निगरानी की गई तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। अवैध निर्माण हटाए जाने के बाद ग्राम सभा की भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा सार्वजनिक मार्गों तथा अन्य सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्राम सभा की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्यवाही की जायेगी,और किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध कब्जा धारकों में हडकंप सा मचा हुआ है, वहीं ग्रामीणों ने सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराने की पहल की है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कूट रचित पत्र से आठ बने सिपाही

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे से चयनित आठ सिपाहियों पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर क्राइम ब्रांच जांच पड़ताल कर रही है। आरोप है कि उक्त रिक्रूट आरक्षी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कूट रचित पत्र के सहारे नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 मे भर्ती होकर नौकरी कर रहे है। एसआई राजेश कुमार यादव पूर्व आरटीसी प्रभारी पुलिस लाइंस की तहरीर पर नगर कोतवाली मे मुकदमा संख्या 320/26 धारा 318(4),319(2),338,336(3),340(2) बीएनएस बनाम रिक्रूट आरक्षी अभिषेक पांडेय पुत्र मनोज कुमार पांडेय निवासी परमानपुर गौरा जिगना जनपद मिर्जापुर, शुभम दुबे पुत्र संजय दुबे निवासी जासा बधौरा विंध्याचल मिर्जापुर,रवि शंकर पुत्र प्रभु नाथ निवासी रामपुर हंशवार श्रीनिवास धाम जिगना जनपद मिर्जापुर,प्रदीप कुमार पुत्र इंद्रमणी निवासी धानी पट्टी सुपंथा मिर्जापुर,अजय कुमार पुत्र जीत नारायन निवासी जासा बधौरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर,खुशबू गुप्ता पुत्री राजेश गुप्ता निवासी भोसिंह का पुरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर,आकाश मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा निवासी सरोई तिवारी पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर,दिव्यांशु यादव पुत्र परमेश्वर यादव निवासी बथुआ महुआरिया कोतवाली कटरा मिर्जापुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।उक्त मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है।

## व्यवसाई की मौत पर शोक संवेदना जताने पहुंचे विधायक

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** एक सप्ताह पूर्व घर से बाजार को निकले गल्ला कारोबारी की दूसरे दिन गांव के बाहर शव मिला था।परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिए,लेकिन पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया न ही कोई जांच पड़ताल शुरू की। जानकारी पर शुक्रवार को बाबागंज विधायक विनोद सरोज संवेदना जताने उसके घर पहुंचे।परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के विदासिन गांव निवासी गल्ला कारोबारी मन्ने लाल साहू 11 जून को घर से बाबूगंज बाजार को निकला तो वह घर नहीं लौटा।दूसरे दिन उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव से बाहर सुनसान निर्जन स्थान पर खेत में मिला था। मृतक के बेटे अजय साहू ने पिता की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।अजय का आरोप है कि अंतिम संस्कार के बाद पुलिस पूछने तक नहीं आई।

## डीएम की अध्यक्षता मे लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के परिप्रेक्ष्य मे आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता मे तहसील लालगंज मे किया जायेगा।जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस मे एसपी,सीडीओ,डीडीओ,पीडी डीआरडीए,डीपीआरओ,सीएमओ डीएफओ आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# जनपद का गौरव मॉडल स्कूल कटरा गुलाब सिंह : मौर्य



**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर शुक्रवार को तुलसी सदन हादीहाल मे जनपद स्तरीय खरीफ किसान व प्राकृतिक खेती कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,बीएसए देवव्रत सिंह आदि ने मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति को देखकर जनपद का गौरव मॉडल स्कूल बताया।बच्चों ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण व स्वागत गीतों से किया।राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक मोहम्मद फ़रहीम के नेतृत्व मे यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।यह स्कूल किसी भी निजी स्कूलों मे एक है।



# चुनार-चोपन रेल खंड के समपार फाटक संख्या-19 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के लिए लगाए गए गर्डर

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में रेल एवं सड़क यातायात को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। चुनार–चोपन रेल खंड पर लूसा के निकट स्थित समपार फाटक संख्या-19 के यातायात सुगम बनाने के लिए निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज के रेलवे भाग पर स्टील गर्डरों के सफल लॉचिंग/स्थापना का कार्य संपन्न किया गया।





निर्माणाधीन आरओबी की कुल लंबाई 585 मीटर है, जबकि रेलवे हिस्से की लंबाई 36 मीटर तथा चौड़ाई 7.5 मीटर है। यह परियोजना चुनार नगर को राज्य राजमार्ग-35 (मिर्जापुर-सोनभद्र मार्ग) से बेहतर एवं निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद समपार फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी तथा सड़क एवं रेल दोनों यातायात की सुरक्षा और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

निर्माण कार्य के दौरान आधुनिक तकनीकों एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया गया। विशाल क्रेनों की सहायता से स्टील गर्डरों को निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया। यह कार्य रेलवे एवं निर्माण एजेंसियों के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल निष्पादन में उप मुख्य अभियंता (ब्रिज/ लाइन), प्रयागराज, आई.पी.एस. यादव; सहायक कार्यकारी अभियंता (ब्रिज/लाइन), प्रयागराज लाल बहादुर तथा ब्रिज लाइन टीम की विशेष भूमिका रही। टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया गया।

रोड ओवर ब्रिज के पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्र के निवासियों, व्यापारिक गतिविधियों तथा यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही यह परियोजना क्षेत्रीय विकास एवं बेहतर यातायात अवसंरचना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## कांग्रेसियों ने मनाया सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन

### कांग्रेस विधि विभाग की ओर से मनाया गया जन्मदिवस

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** इलाहाबाद मण्डल कांग्रेस, विधि विभाग प्रयागराज ने शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी का 56 वा जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। हाईकोर्ट के समीप एक रेस्टोरेंट अधिवक्ताओं ने केक काटकर उनका जन्म दिन मनाया। अधिवक्ताओं ने संविधान बचाने के संकल्प को दोहराया। समारोह में उत्तर प्रदेश विधि विभाग के उपाध्यक्ष हरीश चंद्र दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा, रविंद्र सिंह, जितेंद्र नायक, इलाहाबाद मण्डल के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह एवं उत्तर प्रदेश विधि विभाग के महासचिव जमील अहमद आजमी, काशिफ रिजवी एवं सचिव माधवी राय, प्रदीप नारायण द्विवेदी, शहर उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष आशीष चित्रांशी और मंडल एवं महानगर के विधि विभाग के सदस्य आशीष चौधरी, असीम राय, चंदन अविनाश तिवारी, आशुतोष विश्वकर्मा, एस एम अली, रमाशंकर यादव, आशुतोष यादव, सतेंद्र कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह, ओम प्रकाश यादव अमित सिंह, बृजेंद्र कुमार पांडे, राम शरण सरोज, लारैनब फैज, इफ्तेकर अहमद आदि उपस्थित रहे।



## मां के निधन से शोकाकुल हुए देवदूत वानर सेना संस्थापक, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** देवदूत वानर सेना के संस्थापक अजीत प्रताप सिंह की माताजी के निधन पर क्षेत्र में शोक की भावना देखने को मिली। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शुभचिंतक, मित्रगण एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और श्रद्धापूर्वक अंतिम विदाई दी। उपस्थित लोगों ने दिवंगत माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में सादगी, संस्कार और सेवा के मूल्यों को अपनाया। उनके आदर्शों का प्रभाव उनके परिवार और समाज पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनके द्वारा दिए गए संस्कारों के कारण ही अजीत प्रताप सिंह समाजहित एवं मानव सेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार और समाज के प्रति सकारात्मक सोच सदैव स्मरणीय रहेगी। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दुःखद अवसर पर देवदूत वानर सेना परिवार ने शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े रहने का संकल्प व्यक्त किया तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।



## ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित चाइल्डलाइन के सुपुर्द किया गया

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त, दीपक कुमार आजाद के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल का रेलवे सुरक्षा बल बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संचालित ऑपरेशन 'नन्हे फरिस्ते' के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में अकेले, लापता, भटके हुए अथवा संकटग्रस्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जनवरी 2026 से 15 जून 2026 तक कुल 315 बच्चों को रेलगाड़ियों एवं रेलवे परिक्षेत्र से सुरक्षित बचाया गया। इन बच्चों में ऐसे बालक एवं बालिकाएँ शामिल थे जो अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, घर से भटककर रेलवे परिसर में पहुँच गए थे अथवा अन्य कारणों से असुरक्षित स्थिति में पाए गए थे। इसी क्रम में




दिनांक 18 जून 2026 को प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग स्टाफ को एक नाबालिक बालिका गुमसुम अवस्था में मिली, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज छिवकी को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह घर से नाराज होकर अपना सामान लेकर निकल गई थी और प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लेकर आवश्यक पूछताछ एवं काउंसलिंग की गई। इसके उपरांत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए बालिका को अग्रिम विधिक कार्यवाही एवं देखभाल हेतु चाइल्डलाइन की महिला केस वर्कर को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया।

रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के माध्यम से भटके हुए एवं असहाय बच्चों को संरक्षण प्रदान कर उन्हें उनके परिवारों तक पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से अपील करता है कि यदि किसी बच्चे को रेलवे स्टेशन अथवा ट्रेन में अकेला, परेशान या संदिग्ध परिस्थिति में देखें तो तत्काल रेलवे सुरक्षा बल, हेल्पलाइन 139 अथवा निकटतम रेलवे कर्मचारी को सूचित करें, जिससे समय रहते उसकी सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## उप निदेशक पंचायती राज ने जिले में संचालित योजनाओं की परखी हकीकत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में मिशन निदेशक पंचायती राज के निर्देश के क्रम में पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के जमीनी हकीकत जानने हेतु उपनिदेशक पंचायत मण्डल मिजार्पुर समरजीत यादव को जनपद कौशाम्बी में नोडल नामित किया गया है जिसके क्रम में आज नोडल द्वारा आज समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत समस्त जिला समन्वयक जिला परियोजना प्रबन्धन एवं अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं के कार्य जैसे उत्सव भवन अन्त्येष्टि स्थल पंचायत भवन निर्माण आरआरसी संचालन डिजिटल लाइब्रेरी प्लास्टिक यूनिट गोवर्धन प्लान्ट आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए निर्देशित किये गये। सभी कार्यों का संचालन नियमित रूप से कराये एवं निमार्णाधीन कार्यों को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर लिया जाये।

नोडल द्वारा समीक्षा बैठक के उपरान्त विकास खण्ड कड़ा की ग्राम पंचायत थुलगुला में निरीक्षण किया गया



थुलगुला ग्राम पंचायत में आरआरसी केन्द्र संचालन की हकीकत परखी जहां समूह की महिलाओं द्वारा कार्य करते हुए पाई गई सचिव द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 26500 आय ग्राम पंचायत को हुई है नोडल द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी घरों से कूड़ा शुल्क ले ग्राम पंचायत की आय बढ़ाए साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चे पढ़ते हुए पाए गए पंचायत भवन संचालन सामुदायिक शौचालय संचालन को भी देखा गया। उसके उपरांत विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम पंचायत टेवां का भी निरीक्षण किया गया वहां प्लास्टिक यूनिट संचालन गोवर्धन प्लान्ट संचालक पंचायत भवन निर्माण कार्य एवं उत्सव भवन निर्माण कार्य देखा गया। प्रधान एवं सचिव द्वारा अवगत कराया गया ग्राम पंचायत को प्लास्टिक यूनिट से 41470 रुपए एवं गोवर्धन से 22347 रुपए आय हुई है।

उत्सव भवन निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण का कार्य जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये एवं प्लास्टिक यूनिट गोवर्धन प्लान्ट का नियमित रूप से संचालन कराते हुए ग्राम पंचायत की आय बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के बस महुआ गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। बस महुआ निवासी बृजेश कुमार भारतीय की पत्नी पुष्पा भारतीय उम्र करीब 24 साल घर में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया । पुष्पा की शादी अभी दो साल पहले हुआ था। तीन माह का बेटा है परिजन ने बताया कि पुष्पा दो-तीन माह से बीमार चल रही थी।इलाज हो रहा था इसी से तंग आकर आत्महत्या कर लिया। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।रिपोर्ट आने बाद विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

## नवागत खण्ड विकास अधिकारी ने सम्भाला चार्ज

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में शासन द्वारा सिराथू चार वर्ष तक तैनात रहे खण्ड विकास अधिकारी भवेश शुक्ल का स्थानान्तरण जनपद सीतापुर में कर दिये जाने के उपरान्त उनके स्थान पर नवागत खण्ड विकास अधिकारी अभिषेक सिंह की तैनाती की गई है।नवागत खण्ड विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने विधिवत रूप से अपना चार्ज सम्भाल लिया है।वह 2021 बैच के पीडिएस अधिकारी हैं उनकी प्रथम तैनाती 2022 में बनारस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में हुई। इसके बाद दूसरी बार 2023-24 में जनपद प्रतापगढ़ में नियुक्त रहे और फिर तीसरी बार 2024 से जून 2026 जनपद बुलन्दशहर में कार्यरत रहे। नवागत खण्ड विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि मेरी प्रथम प्राथमिकता सरकार द्वारा लागू की गयी सरकारी योजनाओं में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने की है। मेरे द्वारा हर पात्र गरीब,निर्धन,निसहाय व अन्तिम व्यक्ति का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में जो भी योजनायें अधूरी है उनको अति शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराकर सभी ग्राम पंचायतों को विकसित करने की कोशिश होगी। आने वाली वर्षा ऋतु से पहले कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कराने में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी साथ ही सभी ग्राम पंचायतों को साथ लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर सभी ग्राम पंचायतों को विकसित कर विकास खण्ड को जनपद में अग्रसर बनाने का कार्य किया जायेगा।



# लोटाढ़ में मोहर्रम की तैयारियां तेज, ताजिया निर्माण में जुटे कारीगर

## अकीदत भरे माहौल में कर्बला की साफ-सफाई पूरी, परंपरा को आगे बढ़ा रही नई पीढ़ी

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मोहर्रम के आगमन के साथ ही क्षेत्र में अकीदत और गम का माहौल गहराने लगा है। मेजा तहसील क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिया निर्माण और कर्बला की साफ-सफाई में पूरे मनोयोग से जुटे हुए हैं। गांव के चौक और छोटी नहर के पास स्थित कर्बला स्थल पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने मिलकर कर्बला परिसर को स्वच्छ किया और रास्तों को दुरुस्त किया, ताकि मोहर्रम के जुलूस के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

गांव के मशहूर कारीगर मोहम्मद उस्ताद व मोहम्मद हुसनैन के नेतृत्व में ताजिया बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। यह परंपरा गांव में आजादी के बाद से निरंतर चली आ



रही है। मोहम्मद उस्ताद के पूर्व उनके पिता स्वर्गीय सज्जाद हुसैन उर्फ गामा जी भी ताजिया बनाते थे। अब नई पीढ़ी इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है। हुसैनिया कमेटी, लोटाढ़ वर्षों से पूरे आयोजन का संचालन करती आ रही है। मोहर्रम शोक और मातम का महीना है, जिसे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। सन 61 हिजरी (680 ईस्वी) में इराक के कर्बला के मैदान में हक और इंसाफ के लिए लड़ते हुए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी थी। कर्बला की यही कुर्बानी आज भी लोगों को सच्चाई और न्याय के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

मेजा क्षेत्र में मोहर्रम आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। ताजिया जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोग भी सहयोग करते हैं। कर्बला में मातमी कार्यक्रमों के साथ इमाम हुसैन की शहादत को याद किया जाता है।

ताजिया निर्माण में मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सद्दाम उर्फ गोलू, मोहम्मद नाजीब उर्फ बबलू, मोहम्मद सरवर, मोहम्मद रोशन, मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद खालिक, सनवर अली, मेराज अली, मोहम्मद चांदबाबू, मोहम्मद श्यामुलहक, जब्बार अली, मोहम्मद शेबू, माशूक अली, मोहम्मद अरशद अली, मोहम्मद वहीद, महफूज अली (मुजावर), नूर आलम (मुजावर), मोहम्मद तोराब ह्यअलमदारह्न, मोहम्मद रूखसाद, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद एकलाख, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद मुकीम व मोहम्मद सैनूर सहित कई लोग सहयोग कर रहे हैं।

### परंपरा, आस्था और भाईचारे की मिसाल बना लोटाढ़

लोटाढ़ गांव में ताजिया निर्माण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और विरासत का प्रतीक बन चुका है। कारीगर मोहम्मद उस्ताद व मोहम्मद हुसनैन बताते हैं कि यह काम उनके परिवार में पीढ़ियों से चला आ रहा है। हर वर्ष पूरे गांव के लोग मिलकर ताजिया तैयार करते हैं, जिसमें कला के साथ गहरी श्रद्धा भी झलकती है। ग्रामीणों का कहना है कि मोहर्रम के दौरान यहां का माहौल पूरी तरह संजीदा और अकीदत भरा हो जाता है। कर्बला की साफ-सफाई से लेकर जुलूस की व्यवस्था तक हर कार्य सामूहिक सहयोग से होता है। यही वजह है कि यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे की मजबूत मिसाल बना हुआ है।

मोहर्रम की दसवीं तारीख को ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। मेले के बाद ताजियों को कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है। इस वर्ष मेला 26 जून, शुक्रवार को आयोजित होगा, जिसे लेकर गांव में तैयारियां जोरों पर हैं और लोगों में गहरी अकीदत व श्रद्धा का माहौल देखा जा रहा है। मोहर्रम में ताजिया के लिए मिट्टी लाने की रस्म पांचवीं या सातवीं तारीख को पूरी की जाती है। इस दौरान अकीदतमंद ढोल-ताशों के साथ जुलूस निकालकर कर्बला या पवित्र स्थल से मिट्टी लाते हैं, जिसके बाद फातिहा व नियाज की जाती है।

## कांग्रेसियों ने हर्षोउल्लास से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन




**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद के मुख्यालय मंझनपुर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, सांसद राहुल गांधी का जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया गया इसी क्रम में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच फल मिठाई बांट कर उनके दीघार्यु की कामना की गई इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे नेता और हर शोषित और वंचित की मजबूत आवाज है राहुल गांधी दूरदर्शी नेता है देश की जनता को वर्तमान भाजपा सरकार ने खूब छला है महंगाई, बेरोजगारी युवा पेपर लीक जैसी दिक्कतों से त्रस्त हैं लेकिन भाजपा को आम जनता की समस्या नहीं दिखती देश की सरकार केवल और केवल देश की जनता को भ्रम में रखकर अपना काम साधना जानती है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है अब देश की जनता राहुल गांधी की ओर आशा और उम्मीद से देख रही है! किसान युवा और देश की आम जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली है वो 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली सरकार को चुनकर देश को खुशहाल बनायेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू, मनोज सिंह पटेल, उदय यादव, राम सूरत रैदास, जिला महासचिव आसिफ अल्वी जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, हेमंत रावत, इंद्रपाल रैदास, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, ब्लाक अध्यक्ष कड़ा रफीक अहमद, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, सदाशिव पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, पूजा कुमारी, रामदास राही, संदीप कुमार, छोटे लाल, दिनेश कुमार, अंकुर कुमार, अजय सरोज, सुनील कुमार, उमेश कोरी, रामू प्रजापति, प्रियांशू त्रिपाठी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिग्निफाई ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल हर गांव रोशन के जरिए उत्तर प्रदेश में मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के प्रयासों को दी मजबूती

**प्रयागराज।** BrighterLivesBetterWorld विजन के साथ आगे बढ़ते हुए, दुनिया की जानी-मानी लाइटिंग कंपनी सिग्निफाई ने ग्रामीण समुदायों को सुरक्षित, सशक्त और टिकाऊ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल सिग्निफाई हर गांव रोशन के तहत, उत्तर प्रदेश के दुधवा नेशनल पार्क में आयोजित मानव-पशु संघर्षः चुनौतियां और भविष्य की रणनीति कार्यक्रम में इस संकल्प को साझा किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण और जंतु उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और राज्य मंत्री के. पी. मलिक मुख्य रूप से शामिल हुए। इनके अलावा, यूपी के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रमुख सचिव (IAS) वी. हेकाली झिमोमी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी समेत कई वरिष्ठ नीति-निमार्ता, वन अधिकारी, थारू जनजाति के सदस्य और वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। इन सभी ने जंगलों के किनारे बसे समुदायों के सामने आने वाली उन चुनौतियों पर चर्चा की, जिनके चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है। **कार्यक्रम के दौरान सिग्निफाई हर गांव रोशन सीएसआर पहल से जुड़े ये प्रमुख अपडेट साझा किए गए:**

- **तराई क्षेत्र में प्रभाव** : 2019 से अब तक जंगलों के किनारे बसे 400 से ज्यादा गांवों तक सफलतापुर्वक लाभ पहुंचाया गया है।
- **व्यापक विस्तार** : उत्तर प्रदेश के 400 गांवों (पीलीभीत, दुधवा, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य, नगीना, चित्रकूट और बहराइच के आसपास के इलाके) में 9,000 से अधिक एलईडी स्ट्रीटलाइट्स लगाई गई हैं।
- **भविष्य की योजनाएं** : सिग्निफाई ने कतर्नियाघाट क्षेत्र के उन 67 गांवों में 1500 अतिरिक्त एलईडी स्ट्रीटलाइट्स लगाने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (LoI) पेश किया, जहां मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं।
- **कॉफी टेबल बुक लॉन्च** : दुधवा नेशनल पार्क में हाल ही में हुए प्रोजेक्ट के असर को दशार्ती एक कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च की गई। इसमें असली कहानियों के जरिए यह बताया गया है कि कैसे रोशनी पहुंचने से सार्वजनिक जगहें सुरक्षित हुई हैं और स्थानीय लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है।

# प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान ने किया प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारम्भ

## किसानों की आय बढ़ाने को सरकार प्रतिबद्ध - कृष्णा पासवान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे खेत बचाओ एवं समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मंझनपुर सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री (पशुधन एवं दुग्ध विकास) एवं जनपद की प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टालों का निरीक्षण किया तथा दीप प्रज्वलित कर प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से



किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसके अलावा किसान ऋण माफी, कृषि यंत्रों पर अनुदान और निःशुल्क बीज किट जैसी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है, जिससे खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और किसानों को बेहतर उत्पादन मिलेगा। उन्होंने किसानों से रसायन मुक्त खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव सहायता प्रदान कर रही है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल किसानों के लिये ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने किसानों से टिकाऊ एवं जैविक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती को अधिक से अधिक लाभकारी बनाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने प्राकृतिक खेती, फसल प्रबन्धन, जल संरक्षण एवं कृषि योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से समाधान किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक उपायों और इसके दीर्घकालिक लाभों की भी जानकारी दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए चयनित किसानों को निःशुल्क बीज मिनी किट वितरित कराई। इस अवसर पर चायल विधानसभा के निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र सरोज फौजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रतिभा कुशवाहा, पूर्व विधायक लाल बहादुर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, व्यापारी नेता करण अग्रहरी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, विजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अकेलेपन की ओर

आधुनिक सोच और नजरिये से जिंदगी जीने के तौर-तरीकों में काफी बदलाव आ रहा है। लोग उन सब परंपराओं से हट कर जीवन गुजारना चाहते हैं जो सदियों से चलन में रही हैं। समाज का एक बड़ा हिस्सा ऐशो आराम की जिंदगी चाहता है जिसमें जिम्मेदारियां और परेशानियां कम से कम हों। जाहिर है कि इसके लिए ऊंचा ओहदा, लंबा-चौड़ा कारोबार और उसके हिसाब से बेहिसाब पैसा आना जरूरी है। यह सोच नई पीढ़ी के ऊपर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। वे अब लीक से हटकर जिंदगी गुजारना चाहते हैं। ब्रिटेन में हुए एक सर्वे में करीब आधे किशोरों ने अपने लिए शादी को जरूरी नहीं माना है। भारत में भी इसी ढंग की सोच बढ़ रही है। नई उम्र के बच्चों के लिए विवाह नहीं बल्कि कॅरियर बड़ी प्राथमिकता बनता जा रहा है। जिंदगी के किसी भी क्षेत्र में हों, उन्हें चमकदार कॅरियर और बेहतरीन सुख-सुविधाएं चाहिए। शादी तो उनकी प्राथमिकता में ही नहीं, इसको वे एक विकल्प के रूप में किनारे रखते हैं। हैरत की बात ये कि ऐसी सोच रखने वालों में युवतियों की संख्या युवाओं के मुकाबले करीब दोगुनी है। सर्वे के मुताबिक युवतियां अब ऐसे संबंध चाहती हैं जिनमें समझौता कम और समानता-बराबरी ज्यादा हो। इसलिए उन्हें सिंगल लाइफ ज्यादा पसंद है। अनुमान है कि इस समय देश में सिंगल महिलाओं की संख्या दस करोड़ के आसपास हो सकती है। अब फास्ट लाइफ और चकाचौंध के जीवन का अपना आकर्षण तो है ही और युवा वर्ग तो तेजी के साथ इसकी ओर खिंचता है। आमतौर पर माना जाता है कि ऐसे आकर्षण युवावस्था तक ही टिकते हैं जिसके बाद दिलो दिमाग दूसरी चीजों की तरफ चला जाता है। लेकिन अब साफ है कि युवाओं ने सिंगल रहते हुए जीवन को मौज मस्ती में बिताना तय कर लिया है। भारत और ब्रिटेन ही नहीं बल्कि चीन और कोरिया जैसे देशों में भी युवाओं की यही सोच बन गई है। सवाल यह है कि अगर युवा इसी सोच में ढलते जाएंगे तो परिवार नाम की उस संस्था का क्या होगा जिसके दम पर यह सृष्टि आगे बढ़ती है। हो सकता है कि यह दृष्टिकोण कुछ समय के लिए और चले लेकिन उसके बाद आने वाली पीढ़ी अकेलेपन की जिंदगी का एहसास करके स्वाभाविक ढंग से जीने की ओर लौटे लेकिन समाज में भी विवाह और परिवार के महत्व के महत्व के प्रति उचटती सोच को सही राह पर लाने के प्रयास होने चाहिए। यह काम इस समय आगे चलने वाली पीढ़ी को और आसान बनाना होगा और अपने बच्चों की मानसिकता को इस सांचे में ढालना होगा कि वे परिवार की परंपराओं से हटने के बारे में सोचें भी नहीं।

## गोमती का भविष्य

करीब साढ़े नौ सौ किलोमीटर के अपने विस्तृत क्षेत्र में लाखों लोगों को जीवन देने वाली गोमती नदी इस समय अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष के दौर से गुजर रही है। महिमा तो आदि मां की है लेकिन हकीकत में यह नाले के रूप में सिकुड़ चुकी है। इस दुर्दशा का पूरा एक सिलसिला है। अध्ययन के अनुसार इस नदी और इसके जलग्रहण क्षेत्र में करीब एक सौ बीस स्थानों पर अतिक्रमण हो चुका है। इसके अलावा सिकुड़ते जलग्रहण क्षेत्र और लगातार खत्म हो रहे वेटलैण्ड्स भी प्रमुख कारण हैं। अतिक्रमण के मामले में सबसे गंभीर स्थिति लखनऊ में है जहां अलग-अलग इकतालीस रुकावटें मिली हैं। दूसरी तरफ गोमती नदी का बाढ़ क्षेत्र भी अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुका है। लखनऊ की पॉश कॉलोनी कही जाने वाली गोमतीनगर का बड़ा हिस्सा नदी के पुराने बाढ़ क्षेत्र में ही बसा हुआ है। इसलिए नदी का प्राकृतिक विस्तार लगातार सिकुड़ा है। कई जगहों पर नदी की चौड़ाई और प्रवाह क्षेत्र सौ मीटर तक कम हो चुका है। एक विकट तथ्य यह भी है कि गोमती की कुल छब्बीस सहायक नदियों में बाईस पूरी तरह से सूख चुकी हैं जबकि बाकी में बहुत थोड़ा बहाव बचा है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि लखनऊ में समस्या केवल अवैध कब्जों तक सीमित नहीं है बल्कि विभिन्न विकास कार्यों तथा सुंदरीकरण परियोजनाओं ने भी नदी के बाढ़ क्षेत्र पर भयानक दबाव डाला है। इसी तरह वेटलैंण्ड्स की आवश्यकता अनदेखी की शिकार है तो नदी के एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले तालाबों संरक्षण पर भी ध्यान नहीं दिया गया जबकि ये तालाब वर्षा जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक तथ्य यह भी है कि लखनऊ में नदी के कुल प्रवाह का छिहत्तर प्रतिशत हिस्सा भूजल से प्राप्त होता है। लेकिन लगातार दोहन के कारण भूजल स्तर अब काफी नीचे चला गया है जिससे नदी को मिलने वाला प्राकृतिक जल प्रवाह प्रभावित हुआ है। विडंबना यह है कि ऐसी गंभीर स्थितियों के बीच गोमती के संरक्षण और पुनरुद्धार के नाम पर पिछले दस सालों के दौरान दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दिखाया जा चुका है जबकि हालात बदतर ही हुए हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव-योगी**
लखनऊ के खेतों में फर्जी डिग्री कॉलेज उगे हैं!

**झारखंड में क्रास वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार हारे**
अब इसके लिये चुनाव आयोग तो दोषी नहीं है!

**अनदेखे गणितीय प्रश्न नहीं सुलझा पाया एआई**
मतलब गणित अध्यापकों की नौकरी ही बचेगी!

**शिक्षा रोजगार के मुद्दे पर नया कांग्रेसी अभियान**
मानसून आ गया, शिक्षित युवा कांवड़ उठायेंगे!

**उद्धव गुट के छह सांसदों ने शिंदे को माना नेता**
बेपेंदी के लोटे थाली से कहीं भी गिर सकते हैं!

**पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म,समझौते पर हस्ताक्षर**
बच्चा,बीति ताहि बिसारि दे,आगे की सुधि लेहु..

♦♦♦

# क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



– महेन्द्र तिवारी

अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है। यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है। उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है।

अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा। यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चर्चाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी। लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है।

इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है। हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं।



इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें। निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

ध्यान से भी सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्याग श्रेष्ठ है; क्योंकि इष्ट के प्रति समर्पण के साथ ही योग पर दृष्टि रखते हुए कर्मफल का त्याग करने से उसके योगक्षेम की जिम्मेदारी इष्ट की हो जाती है। इसलिये इस त्याग से वह तत्काल ही परमशान्ति को प्राप्त हो जाता है। अभी तक योगेश्वर श्रीकृष्ण ने बताया कि अव्यक्त की उपासना करनेवाले ज्ञानमार्गी से समर्पण के साथ कर्म करनेवाला निष्काम कर्मयोगी श्रेष्ठ है। दोनों एक ही कर्म करते हैं; किन्तु ज्ञानमार्गी के पथ में व्यवधान अधिक हैं। उसके लाभ-हानि की जिम्मेदारी स्वयं पर रहती है, जबकि समर्पित भक्त की जिम्मेदारी महापुरुष पर होती है, इसलिये वह कर्मफल-त्याग द्वारा शीघ्र ही शान्ति को प्राप्त होता है। अब शान्तिप्राप्त पुरुष के लक्षण बताते हैं- विहीर अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च। निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी ।।13
इस प्रकार शान्ति को प्राप्त हुआ जो पुरुष सब भूतों में द्वेषभाव से रहित, सबका प्रेमी और हेतरहित दयालु है और जो ममता से रहित, अहंकार से रहित, सुख-दुःख की प्राप्ति में सम तथा क्षमावान् है, सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढ़निश्चयः।जिनम कामय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः ।।14।।
कोणक जो निरन्तर योग की पराकाष्ठा से संयुक्त है, लाभ तथा हानि में सन्तुष्ट है, मन तथा इन्द्रियोंसहित शरीर को वश में किये हुए है, दृढ़ निश्चयवाला है, वह मुझमें अर्पित मन-बुद्धिवाला मेरा भक्त मुझे प्रिय है।
यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः। एमा हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः सच मे प्रियः ।।15।।
जिससे कोई भी जीव उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीव से उद्विग्न नहीं होता एवं हर्ष, सन्ताप, भय और समस्त विक्षोभों से मुक्त है, वह भक्त मुझे प्रिय है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्द्ध।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# सोशल मीडिया की प्रभावी निगरानी जरूरी होती जा रही है

– राहुल कुमार

डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है. यह सूचना, शिक्षा, जनमत निर्माण और सामाजिक संवाद का एक प्रभावशाली मंच बन चुका है. इन प्लेटफॉर्मों में इंस्टाग्राम रील्स ने युवाओं के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल की है. इंस्टाग्राम की लोकप्रियता का मुख्य कारण इसकी संक्षिप्त, आकर्षक और दृश्यात्मक प्रस्तुति है. अभिनय, नृत्य, गायन, मिमिक्री, कॉमेडी और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से लाखों युवा प्रतिदिन रील्स का निर्माण और उपभोग करते हैं. संचार अध्ययन में इसे 'उपयोग एवं संतुष्टि सिद्धांत' के संदर्भ में समझा जाता है, जिसके अनुसार लोग अपनी आवश्यकताओं और रुचियों के अनुरूप मीडिया का उपयोग करते हैं। समय के साथ इंस्टाग्राम युवाओं के लिए सूचना प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरा है. आज की युवा पीढ़ी त्वरित और संक्षिप्त जानकारी चाहती है. रील्स इसी आवश्यकता को पूरा करते हैं. किसी भी घटना, योजना या मुद्दे से जुड़े 'क्या, कब, कहां, क्यों, कौन और कैसे' जैसे मूलभूत प्रश्नों के उत्तर कुछ ही सेकंड में उपलब्ध हो जाते हैं. सरकारी योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों, रोजगार अवसरों, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्यमिता से जुड़ी जानकारियां अब रील्स के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जा रही हैं. कई बार योजनाओं से जुड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि अथवा विशेषज्ञ स्वयं वीडियो के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देते हैं।

दृश्य सामग्री, एनिमेशन और सरल भाषा के कारण जटिल विषय भी आसानी से समझ में आ जाते हैं. परिणामस्वरूप छात्रवृत्तियों, कौशल विकास कार्यक्रमों, स्टार्टअप, सहायता योजनाओं तथा रोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी युवाओं तक सीधे पहुंच रही है. राजनीतिक संचार के क्षेत्र में भी इंस्टाग्राम रील्स की भूमिका लगातार बढ़ रही है. राजनीतिक दल, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नीतियों की व्याख्या, उपलब्धियों के प्रचार, आलोचनाओं के उत्तर और मतदाताओं से संवाद के लिए इस मंच का उपयोग कर रहे हैं. अनेक युवाओं के लिए सोशल मीडिया ही राजनीतिक जानकारी का पहला स्रोत बन गया है. इस प्रकार रील्स राजनीतिक जागरूकता, जनमत निर्माण और नागरिक सहभागिता को प्रभावित कर रहे हैं।

इंस्टाग्राम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है. संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, बैंकिंग, एसएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित हजारों शैक्षणिक रील्स प्रतिदिन साझा की जाती हैं।

कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान और शिक्षक इंस्टाग्राम के माध्यम से परीक्षा रणनीति, समसामयिक घटनाओं, अध्ययन सामग्री और प्रेरक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं. इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थी भी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच बना पा रहे हैं. संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से जटिल विषयों को सरल बनाना और कम समय में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना इंस्टाग्राम रील्स की विशेषता है. इन रील्स का उपयोग केवल युवा वर्ग तक सीमित नहीं है. बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक भी तकनीक, स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, सरकारी सेवाओं और सामाजिक विषयों से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं. इस प्रकार रील्स विभिन्न आयु वर्गों के बीच आजीवन शिक्षा की अवधारणा को मजबूत कर रहे हैं।



विदित है कि फिल्मों के दृश्य, वेब सीरीज के अंश, संगीत वीडियो, हास्य प्रस्तुतियां, खेल जगत की झलकियां, यात्रा अनुभव और जीवनशैली से जुड़ी सामग्री युवाओं को आकर्षित करती हैं. लोकप्रिय फिल्मों और वेब सीरीज के छोटे-छोटे दृश्य दर्शकों में जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं और उन्हें पूर्ण सामग्री देखने के लिए प्रेरित करते हैं. प्रतिभा प्रदर्शन से जुड़े वीडियो युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करते हैं. व्यस्त जीवनशैली के बीच रील्स त्वरित मनोरंजन का सुलभ साधन और युवाओं की सोच, दृष्टिकोण और व्यवहार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं. अपने संक्षिप्त और आकर्षक स्वरूप के चलते ये जानकारी को तेजी से प्रसारित करते हैं और बड़े वर्ग तक पहुंचाते हैं. इस तरह ये रचनात्मक अभिव्यक्ति और ज्ञानार्जन का सशक्त मंच बन चुके हैं।

हालांकि, सकारात्मक प्रभावों के साथ-साथ हर तकनीक की तरह इंस्टाग्राम रील्स के भी कुछ नकारात्मक पक्ष हैं. सबसे बड़ी चिंता युवाओं का अश्लील अथवा यौन संकेतों वाली सामग्री के संपर्क में आना है. दूसरी प्रमुख समस्या अभद्र, अपमानजनक और विषाक्त सामग्री का प्रसार है. कुछ कंटेंट निर्माता अधिक दर्शक और लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए अशिष्ट भाषा, ऑनलाइन उत्पीड़न, घृणा फैलाने वाले वक्तव्य और सार्वजनिक अपमान का सहारा लेते हैं. इससे स्वस्थ संवाद की संस्कृति कमजोर होती है और आक्रामक व्यवहार को बढ़ावा मिलता है. इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाये, जिम्मेदार सामग्री उपभोग को प्रोत्साहित किया जाये और सोशल मीडिया मंचों द्वारा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाये, तभी इंस्टाग्राम रील्स वास्तव में युवाओं के लिए ज्ञान, जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकेंगे।

## प्रेरक प्रसंग

### अंतर का प्रकाश

बौद्ध साहित्य में अम्बपाली का नाम विख्यात है। वैशाली में आम के पेड़ के नीचे नन्हीं बालिका पड़ी पाई गई थी। माली उसे उठाकर अपने घर ले गया और उसका पालन-पोषण किया। अम्बपाली बहुत सुंदर थी। बड़ी होने के साथ-साथ उसका सौंदर्य निखरता गया। संगीत, नृत्य और वाद्य में वह निपुण हो गई। उसके रूप- लावण्य ये आकर्षित होकर बड़े-बड़े लोग विवाह का प्रस्ताव लेकर आये, पर उसने सबको इन्कार कर दिया। एक दिन भगवान बुद्ध का वैशाली में आगमन हुआ और संयोग की बात कि वह अम्बपाली के आम्र वन में ठहरे। अम्बपाली उनके दर्शन के लिए गई। उनका अभिववादन करके एक ओर बैठ गई। भगवान बुद्ध ने उसे उपदेश दिया। उपदेश सुनने के बाद उसने विनत होकर भगवान बुद्ध से प्रार्थना की, भन्ते, अपने संघ सहित आप कल का मेरा भोजन स्वीकार करें। भगवान से स्वीकृति दे दी। अगले दिन भगवान बुद्ध अपने भिक्षु-संघ के साथ अम्बपाली के घर गये और उसके हाथ से आहार ग्रहण किया। भोजन के बाद अम्बपाली ने निवेदन किया, भन्ते, मैं इस उपवन को आपके संघ को समर्पित करती हूं। बुद्ध ने उसे स्वीकार कर लिया। भगवान बुद्ध चले गये, लेकिन अम्बपाली एकदम बदल गई। उसे अपनी वास्तविक कुरूपता का भान हुआ। अबतक वह काम-वासना में अनुरक्त और आनंदित थी। उसके जीवन में एक नया अध्याय खुल गया। उसने अपने केश कटवा डाले और भिक्षुणी बन गई। कुछ ही समय में वह साधना के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई और पूर्णता-प्राप्त भिक्षुणियों में उसे महत्वपूर्ण स्थान मिल गया। अंतर के प्रकाश से उसका सम्पूर्ण जीवन आलोकित हो गया।

## आपका पत्र मिला

### साल में दो बार सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव कितना व्यावहारिक?

केंद्रीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 60 वर्ष की उम्र होने पर जैसी कि जन्म के महीने के आखरी दिन होती चली आई है अब साल में दो बार सेवानिवृत्ति का प्रस्तावित है. ऐसी चर्चा कर्मचारियों के बीच चल रही है. मतलब यदि कोई कर्मचारी जनवरी या उसके बाद जून तक सेवानिवृत्त होना है वो जून में और जो जुलाई से दिसंबर तक सेवानिवृत्त होना है वो दिसंबर में होगा ऐसा प्रस्ताव चर्चित है. यह कितना व्यवहारिक है समझना मुश्किल है. क्योंकि जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले को तो 6 महीने और अधिक का सेवा करने का लाभ मिल जाएगा किन्तु इसके बाद फरवरी से जून तक घटते क्रम में कर्मचारी लाभान्वित होंगे जिनमें जून में जन्मे कर्मचारी को एक माह या उससे कम दिन का लाभ मिलेगा जैसा कि पूर्व से नियम बना हुआ है. सरकार का ऐसा भी मानना है कि 6-6 महीने की सेवानिवृत्ति लागू हो जाती है तो भर्ती प्रक्रिया में समय अधिक मिलेगा जिससे समय पर रिक्त पदों की पूर्ति की जा सकती है. ये सरकार लिए सुविधाजनक हो सकती है. किन्तु महीने (जनवरी से जून या जुलाई से दिसंबर) के घटते क्रम में जन्में कर्मचारियों के लिए किसी को अधिक फायदा तो किसी को कोई फायदा नहीं जैसी स्थिति बनेगी जो कि पूर्णतः व्यवहारिक नहीं हो सकती। इसलिए मासिक सेवानिवृत्ति का नियम ही ठीक है जो तर्कसंगत माना जा सकता है. ऐसे प्रस्ताव पर सरकार को सोच-समझकर व कर्मचारियों के हित को मद्देनजर रखकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि किसी का भी मन भ्रमित/कुंठित न होने पाए।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# सेवारत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता के विरोध में ज्ञापन



**स्वतंत्रभारत मऊ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आहवान पर दिनांक 18 जून 2026 को सम्पूर्ण देश में सभी जिला अधिकारियों के माध्यम से सेवारत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता के विरुद्ध माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय केन्द्रीय शिक्षा मंत्री जी और माननीय मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पुनर्विचार याचिका पर दिनांक 29 मई 2026 को दिए गये निर्णय के फलस्वरूप सभी सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। इसमें आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त पुराने शिक्षक भी शामिल हैं। उक्त निर्णय के विरुद्ध देश भर से शिक्षक समुदाय ने प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया है।भारतीय विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार पूर्व में विभिन्न राज्यों मे विधिवत सम्पन्न नियुक्तियों पर बाद में निर्मित पात्रता मानदण्डों को लागू करना प्राकृतिक, समानता तथा विधिक निश्चितता के सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं है। देशभर के राज्यों में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियाँ उस समय प्रभावी नियमों एवं पात्रताओं के अनुरूप पूर्णतः वैध थी । अतः अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह करता है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए।ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद मऊ के अध्यक्ष रूपेश कुमार पाण्डेय, महामन्त्री अरविन्द कुमार आर्य, संरक्षक राजा आनन्द ज्योति सिंह तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रताप सिंह जी ने किया।ज्ञापन देने वालों में उपेन्द्र नाथ तिवारी, गिरीश चन्द्र कुशवाहा, राजेश गुप्त, शिव प्रसाद आर्य, राजकिशोर प्रसाद, रामरतन राम, बृजभूषण मौर्य, राजाराम यादव, राकेश यादव मनोज यादव, सुनील यादव, राम विजय, अरविन्द सिंह, वीरेन्द्र सिंह अनन्तलाल, हेमन्त गुप्त, शुमैला नाज़, अनवर जहाँ, शाइस्ता यासमीन, नीलम देवी, अनीता रानी, अर्चना सिंह, प्रिया सिंह, रवीन्द्र चौहान , आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री कार्यालय के निजीकरण पर भड़के अधिवक्ता

**शाहगंज जौनपुर।** रजिस्ट्री कार्यालय के निजीकरण के सरकारी फैसले के विरोध में शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। अधिवक्ता समिति ने इसे जनहित और न्यायिक व्यवस्था के विपरीत बताते हुए तीखी आपत्ति जताई तथा आदेश वापस लेने की मांग की। विरोधस्वरूप अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से पूर्ण रूप से विरत रहने का निर्णय लिया, जिससे तहसील परिसर में दिनभर न्यायिक गतिविधियां प्रभावित रहीं। तहसील शाहगंज स्थित अधिवक्ता समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष लालचन्द गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महामंत्री राजीव कुमार सिंह (डब्ल्यू) ने किया। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने सरकार के रजिस्ट्री कार्यालयों के निजीकरण संबंधी निर्णय को अधिवक्ता हितों के साथ-साथ आमजन के लिए भी नुकसानदायक बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की कि निजीकरण संबंधी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा पूर्व की व्यवस्था के अनुरूप ही रजिस्ट्री कार्यालयों का संचालन जारी रखा जाए। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराते हुए पूरे दिन न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। साथ ही आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए पीठासीन अधिकारियों से भी सहयोग की अपेक्षा जताई। अधिवक्ताओं के इस निर्णय से तहसील परिसर में वादकारियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# जन चौपाल में मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश



**खेतासराय जौनपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क एवं जनकल्याण कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत क्षेत्र के पोरई व शाहापुर गांव में आयोजित जन चौपाल में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री (खेल एवं युवा कल्याण) गिरीश चन्द्र यादव ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से बताते हुए जनहित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अपने संबोधन में गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान उनके गांव और क्षेत्र में ही हो, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही जनता के प्रति है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन चौपाल में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। कई मामलों में मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों से जानकारी तलब करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जन चौपाल के माध्यम से सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से लोगों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और उनके समाधान की उम्मीद जताई। खण्ड विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी दीपक यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूर्यप्रकाश यादव, अजय सिंह उर्फ खरचू, मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र मिश्रा, राम सूरत बिंद, प्रधान कृपा शंकर राजभर, सप्लाई विभाग राजेश यादव, जे. ई. संजय प्रजापति समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### ग्राम देवी मूर्ति स्थापना पर विशाल भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**बरसठी जौनपुर।** क्षेत्र के भगेरी गांव स्थित ग्राम देवी मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर उद्योगपति मनोज कुमार दुबे एवं दुबे ब्रदर्स के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के तहत पूजा-अर्चना, हवन एवं कलश यात्रा निकाली गई। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान मनोज कुमार दुबे ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### तहसील जमानिया की पुरानी बिल्डिंग की नीलामी 2 जुलाई को

**स्वतंत्र भारत जमानिया/ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर तहसील जमानियां जिला गाजीपुर परिसर के अन्दर मन्दिर के पीछे तहसील की पुरानी बिल्डिंग जर्जर एवं क्षतिग्रस्त स्थिति में है, जिसका मूल्यांकन अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड प्रथम लो0नि0वि0 द्वारा किया गया है। उसकी नीलामी हेतु राम नारायण वर्मा तहसीलदार जमानियां को नामित किया गया है। नीलामी की तिथि दिनांक 02.07.2026 गुरूवार को नियत की गयी है। अधिक जानकारी हेतु नायब नाजिर तहसील जमानियां के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी नोटिस से प्राप्त कर सकते है।

### बाबा थानीदास फ्लाईओवर निर्माण की दिशा में बढ़ा कदम

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** नगर पंचायत अमिला स्थित बाबा थानीदास में प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर (फ्लाईओवर) निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कार्यदायी संस्था ने स्थल का सर्वे, स्वायल टेस्टिंग एवं जियो-टेक्निकल सर्वे पूरा कर लिया है। साथ ही निर्माण कार्य में बाधक बनने वाले विद्युत पोलों और वृक्षों का चिन्हांकन भी कर दिया गया है।सर्वेयर इंजीनियर सुब्बीर कुमार के अनुसार वर्तमान में ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। विद्युत एवं वन विभाग से अनुमानित लागत मिलने के बाद अंतिम रिपोर्ट भेजी जाएगी। फ्लाईओवर निर्माण की संभावनाओं से क्षेत्रीय लोगों में खुशी है और उन्हें वर्षों पुरानी पारगमन समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है।

### डिजिटल संचार के क्षेत्र में सूचना विभाग की प्रभावी पहल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल ÷सूचना प्रवाह÷ का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया। चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। 'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी।

### व्यापार मंडल ने उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन भेजा

**जौनपुर।** उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मंडी सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के नाम नई सब्जी मंडी स्थित मंडी सचिव ध्रुव चौधरी को ज्ञापन सौंपा,
ज्ञापन में प्रमुख रूप से नई एप व्यवस्था का विरोध जिसमें मंडी समिति द्वारा गाड़ियों पर नई एप व्यवस्था को बिना व्यापारी संगठनों से परामर्श लिए अनिवार्य कर दिया गया है यह व्यवस्था तकनीकी रूप से जटिल एवं व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल रही है।

# विकास प्रदर्शनी में दिखी 12 वर्षों की उपलब्धियों की झलक



**जौनपुर।** भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत विकास भवन परिसर के समक्ष आयोजित विकास प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 17 जून से 20 जून तक आयोजित इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जनपद में हुए विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में पिछले 12 वर्षों के दौरान आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों और रोजगार सृजन से जुड़े कार्यों को चित्रों, मॉडलों एवं प्रदर्शन सामग्री के माध्यम से दर्शाया गया। आगंतुकों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं और विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जनपद जौनपुर में हुए प्रमुख विकास कार्यों को भी प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया। केराकत और शाहगंज क्षेत्र के नौली में अग्निशमन केंद्रों के निर्माण, स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्थापना, नमामि गंगे परियोजना के तहत गोमती रिवर फ्रंट एवं घाटों के विकास तथा मेडिकल कॉलेज की स्थापना को आकर्षक होर्डिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में सिद्धीकपुर स्थित राजकीय महिला आईटीआई तथा केराकत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना संबंधी उपलब्धियों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया। इसके अलावा बदलापुर बस स्टेशन, पुलिस लाइन ट्रांजिट हॉस्टल और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शनी में दी गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला सूचना कार्यालय द्वारा प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित कर लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। यह प्रदर्शनी विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित हो रही है।

# री-नीट परीक्षा व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जौनपुर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू

**जौनपुर।** री-नीट (यूजी) प्रवेश परीक्षा-2026 तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने 21 जून को शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर सभी भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित री-नीट (यूजी) परीक्षा जनपद के 17 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5ः15 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात सुचारु बना रहे, इसके लिए पचहटिया तिराहा, प्रसाद तिराहा, पकड़ी अंडरपास, अलीगंज तिराहा, जगदीशपुर चौराहा, चांदपुर अंडरपास और कुत्तुपुर तिराहा सहित कई प्रमुख मार्गों से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाही किला परिसर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर भी व्यापक पार्किंग और डायवर्जन योजना लागू की गई है। कार्यक्रम स्थल के आसपास विभिन्न स्थानों पर दोपहिया, चारपहिया और बसों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन डायवर्ट किया जाएगा तथा कुछ मार्गों पर केवल कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहनों को ही अनुमति मिलेगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि परीक्षा और योग दिवस कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# एचआईवी पीड़ितों के साथ योगाभ्यास कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के पांचवें दिन एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ योगाभ्यास कर समाज को सकारात्मक एवं प्रेरणादायक संदेश दिया। जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को पौष्टिक एवं सुपाच्य भोजन नियमित रूप से लेना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को सलाह दी कि वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कोलेस्ट्रॉल, किडनी एवं लीवर संबंधी समस्याओं जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या एवं योग को अपनाएं। साथ ही प्रदूषित जल एवं प्रदूषित वायु से बचाव तथा नियमित ध्यान एवं व्यायाम पर भी बल दिया गया।

# चौनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल ÷सूचना प्रवाह÷ का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया। चौनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। 'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में ÷सूचना प्रवाह÷ यूट्यूब चौनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शाही किला परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देशित किया कि संभावित भीड़ को देखते हुए समुचित यातायात योजना तैयार कर ली जाए, जिससे कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य सहायता हेतु हेल्थ बूथ स्थापित किया जाए तथा आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पौध वितरण भी किया जाएगा, जिसके लिए समुचित योजना एवं व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंच, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आरटीओ को निर्देशित किया कि प्रतिभागी छात्रों के आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक बस में एक महिला कर्मी तथा एक पुलिस कांस्टेबल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं सुविधा बनी रहे। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस और एनसीसी के वालेन्टियर्स की डियुटी लगाये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के फोटोग्राफद्मड्ड1ड्डष्द्ध.ह्वश्च ड्ड4ह्वद्यद्ध.द्बठ्ठ के वेबसाइड पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

# सैनिक निजी आईटीआई ताजोपुर में 22 जून को हीरो हरिद्वार प्लांट का कैंपस साक्षात्कार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। सैनिक निजी आईटीआई, ताजोपुर मऊ में 22 जून 2026 को सुबह 10 बजे से हीरो हरिद्वार प्लांट द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया जाएगा।संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 24,933 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। भर्ती में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से 26 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।हाईस्कूल, इंटर और आईटीआई अभ्यर्थियों को मौका कैंपस साक्षात्कार में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा आईटीआई के सभी ट्रेडों के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इससे जिले और आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।संस्थान प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय से उपस्थित हों।सैनिक निजी आईटीआई, ताजोपुर मऊ के प्रबंधन ने अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है, ताकि भर्ती प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

# पत्नी के सामने ट्रेन की चपेट में आने से पति की मौत



**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर शुक्रवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब रेल लाइन पार कर रहे एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के मुताबिक चंदौली जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र के कठौड़ी गांव निवासी ओमप्रकाश जायसवाल (58) अपनी पत्नी विजय लक्ष्मी देवी व ससुर हेमचंद तथा सास गिरजा देवी के साथ स्थानीय बड़ेसर नहर स्थित अपने साढ़ू प्रमोद जायसवाल के यहां आये हुए थे। जहां रात्रि में ठहरने के बाद शुक्रवार की सुबह ट्रेन से घर लौटने के लिए स्टेशन पर पहुंच गए। पत्नी, सास व ससुर फुट ओवर ब्रिज से अप प्लेटफार्म पर जा कर बैठ गए और ओमप्रकाश जमानियां से डीडीयू स्टेशन तक का टिकट लेने के बाद प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज से न जाकर रेल लाइन पार करने लगे। तभी सुबह 5ः10 बजे तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन नं 01144 दानापुर मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल मेला स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। अपनी आंखों के सामने पति की दर्दनाक मौत देख पत्नी विजय लक्ष्मी देवी बदहवास होकर रोने बिलखने लगी। घटना की जानकारी होते ही आरपीएफ कर्मी अरुण कुमार सिंह ने दिलदारनगर जीआरपी को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। जीआरपी चौकी प्रभारी अश्विनी कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा केक



**स्वतंत्र भारत मऊ/मधुबन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने की। इस अवसर पर केक काटकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के सैदपुर स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरित कर सेवा कार्य किया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने राहुल गांधी को युवाओं, किसानों और वंचितों की आवाज बताते हुए उनके नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर शुक्रवार को ब्लॉक फतेहपुर मंडाव स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और जनहितकारी संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उमर फारूक अंसारी, परशुराम यादव, आदिल उस्मानी, संतोष पटेल, अखिल, शिवचंद, आशु, रामा, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए विकास प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



**जौनपुर।** भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद के प्रेक्षागृह में आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी लोगों का उत्साह देखने को मिला। 5 जून से 21 जून 2026 तक चल रहे इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में संपन्न हुआ। सूचना विभाग द्वारा स्थापित 'सेल्फी विद पीएम' सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने यहां पहुंचकर उत्साहपूर्वक फोटो खिंचवाए और कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रदर्शनी में पर्यटन, स्वास्थ्य, पशुपालन, मत्स्य तथा अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अधिकारियों और आगंतुकों ने अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु सूचना सामग्री, पुस्तिकाएं और पंपलेट वितरित किए गए, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं की उपयोगिता और पात्रता संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत कलाकार काजल एवं उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया। देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने मां कामाख्या धाम में टेका मत्था, 378 करोड़ की 126 परियोजनाओं की दी सौगात



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र को 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने माँ कामाख्या धाम में दर्शन-पूजन से की। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और मंदिर परिसर में अन्न प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई कोरी की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया तथा माँ कामाख्या धाम स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम स्थल पर अयोध्या के विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 378 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार विकास और विरासत दोनों को समान महत्व देते हुए प्रदेश को नई पहचान दिला रही है। मुख्यमंत्री ने रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने मंच से कहा कि माँ कामाख्या धाम की महत्ता को देखते हुए इसका और भव्य विकास कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री के हाथों चेक, स्वीकृति पत्र, आवास की चाबी, कृषि यंत्रों की चाबी और आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर लाभार्थी उत्साहित नजर आए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गायत्री देवी को 525 स्वयं सहायता समूहों के लिए 7.87 करोड़ रुपये तथा शीला देवी को 500 समूहों के लिए 7.50 करोड़ रुपये का सीसीएल चेक प्रदान किया गया। विद्युत सखी पिंकी यादव और राजेश्वरी को थर्मल प्रिंटर वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत किरण और शिवानी को आवास की चाबी

## झलकारी बाई की प्रतिमा का किया अनावरण

सौंपी गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत अनुज यादव को 5 लाख रुपये, विनीता को 4.43 लाख रुपये तथा सत्येंद्र को 2.60 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। पीएम सूर्य घर योजना के तहत गुलाब चंद्र कौशल और भीष्म नारायण को स्वीकृति पत्र दिए गए। वहीं ओडीओपी योजना के तहत अनूप सिंह और भाग्यलक्ष्मी सिंह को 25-25 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। डबल इंजन सरकार ने झलकारी बाई, ऊदा देवी, अवंती बाई लोधी और अन्य महान विभूतियों के सम्मान में अनेक योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर विश्वास किया है, इसलिए नई अयोध्या, नया उत्तर प्रदेश और नई रुदौली का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और विरासत के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा जनता का सहयोग मिलता रहा तो विकास की गति और तेज होगी। कार्यक्रम में विधायक अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी 'खब्बू' सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। विधायक रामचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# अयोध्या को मिली 291 करोड़ की 245 विकास परियोजनाओं की सौगात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या नगरवासियों को 291 करोड़ रुपये की लागत वाली 245 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें 25.31 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 47 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। प्रमुख परियोजनाओं में रामायण वैक्स म्यूजियम, अयोध्या जोनल कार्यालय का प्रशासनिक भवन, 10 ओपन जिम, मल्टी लेवल कार पार्किंग, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट स्कूल परियोजना तथा अन्य जनोपयोगी निर्माण कार्य शामिल हैं। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 264 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 198 नई

## 264 करोड़ की लागत से प्रस्तावित 198 नई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इनमें माझा जमथरा पंपिंग स्टेशन, जल निकासी के लिए कच्चा नाला निर्माण, पार्किंग सुविधाओं का विस्तार, 74 बेड का वर्किंग वुमन हॉस्टल, 17.83 करोड़ रुपये की लागत वाला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कुशमाहा सहित विभिन्न क्षेत्रों में तालाब, पार्क, सड़क और यात्री निवास जैसी महत्वपूर्ण विकास योजनाएं शामिल हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने शिलान्यास की गई परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री ने रखी विकास की नींव, पीढ़ियों तक मिलेगा लाभ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करने के बाद महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य बूंद-बूंद जल को संचित कर वर्षा के रूप में धरती का कल्याण करता है। उसी प्रकार मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की ऐसी आधारशिला रखी है, जिसका लाभ केवल वर्तमान ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी उठाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने का सपना तेजी से साकार हो रहा है। नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और 'स्थानीय सरकार आपके द्वार' अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस पहल ने जवाबदेह और जनोन्मुखी प्रशासन का एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसकी सराहना व्यापक स्तर पर हो रही है। महापौर ने नगर निगम के स्वच्छता अभियान 'एक रविवार, हर परिवार, करें गंदगी पर प्रहार' का विशेष उल्लेख करते हुए नागरिकों की भागीदारी को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। मुख्यमंत्री ने भी इस अभियान की सराहना की। अपने संबोधन में महापौर ने नगरवासियों की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि मंदिरों में सेवा करने वाले ऐसे पुजारियों एवं कर्मियों, जिनके पास स्वयं की भूमि नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें।

# ई-रजिस्ट्री योजना के विरोध में दस्तावेज लेखक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** स्टांप एवं पंजीयन विभाग की प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में दस्तावेज लेखक संघ ने शुक्रवार को सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कराने की मांग की। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से प्रदेशभर में हजारों दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा। दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्षों से दस्तावेज लेखन एवं स्टांप विक्रय का कार्य करने वाले लोग शासन की निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप कार्य करते आ रहे हैं। डिजिटल व्यवस्था लागू होने से उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए सरकार इस योजना पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करे। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अजीत कुमार वर्मा, प्रेम कुमार, अंकित पाण्डेय, विकास जायसवाल, अजीत कुमार सिंह, सुभाष वर्मा सहित अन्य दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता उपस्थित रहे।

# शीघ्र शुरू हो छात्र-छात्राओं के बीमा का कार्य : कुलपति



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशासनिक व शिक्षण कार्यों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं के प्रति पूरी तरह से सजग हैं। वे निरंतर सभी छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के नेतृत्व में सभी छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक की। सभी के साथ बैठक कर कुलपति समय-समय पर छात्रावासों का भ्रमण कर सच्चाई से रुबरु हो रहे हैं। बैठक के दौरान कुलपति ने कहा कि सभी छात्रावासों में साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता व शुद्ध पानी के प्लांट लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रावासों में लाइटें खराब हैं उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। कुलपति ने भीषण गर्मी के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए एक अहम निर्णय लिया है। अब छात्र-छात्राएं एक कमरे में एक कूलर लगा सकेंगे। बैठक में उन्होंने यह भी हिदायत दिया कि अगर कोई भी छात्र छात्रावास के अंदर हीटर का प्रयोग करते पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी। पिछले कुछ वर्षों से छात्रों के बीमा का कार्य नहीं हो रहा था जिस पर कुलपति ने नाराजगी व्यक्त की। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं के बीमा कराए जाने की कार्यवाही को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने वार्डन को निर्देश दिया विश्वविद्यालय के नियम विरुद्ध कार्य करने पर पहले उन्हें नियमों से अवगत कराएं। अगर कोई भी छात्र नहीं मानता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश दें। बैठक के दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी.नियोगी व समस्त छात्रावास अधीक्षक एवं सह अधीक्षक मौजूद रहे।

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर 50 लोगों ने किया रक्तदान



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक गोविंद धाम नजरबाग, अयोध्या में खालसा फाउंडेशन द्वारा पांचवे गुरु अर्जन देव महाराज का शहीदी दिवस मनाते हुए गुरुवार को रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर, प्रसाद और छबील (शरबत) वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 8 बजे संगत ने सामूहिक रूप से 40 दिन से प्रतिदिन चल रहे सुखमनी साहेब का पाठ किया। कीर्तन और अरदास कर जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह ने सभी के कल्याण हेतु अरदास किया। फिर सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविर, फेको सेंटर के डॉ. हर्षदीप और सहयोगी, दांतों के डॉ. सौरभ भल्ला लखनऊ से, डॉ. संस्कृति, डॉ. असित श्रीवास्तव और संचित अग्रवाल मैक्स हॉस्पिटल द्वारा शिविर आरंभ हुआ। जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह, भाजपा नेता अमल गुप्ता, भवदीय पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अवधेश वर्मा, बालकृष्ण वैश्य, मनप्रीत सिंह, आरएसएस के सुदीप जी द्वारा रक्तदान कर शिविर आरंभ किया गया, जिसमें देर शाम तक सैकड़ों की संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया। इसके अलावा शुगर, बीपी मुफ्त जांच कराई। गुरु अर्जन देव महाराज शांती के पुंज, आध्यात्मिक ऊर्जा के दाता, समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने वाली शख्शियत है। इनके जीवन से प्रेरणा लेकर संपूर्ण मानवता एक बेहतर सृष्टि का सृजन कर सकती है। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा, आरती अरोड़ा, प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह समेत मनकापुर, नवाबगंज, सोहावल, राम सनेही घाट, विशेषरगंज और अयोध्या- फैजाबाद के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शिरकत और सहयोग किया। सेवादार नवनीत सिंह ने गुर जी की महान शहादत को नमन करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने और सहयोग करने वाली समूह संस्थाओं, प्रशासन, सहयोगियों और संगत का आभार व्यक्त किया।

# पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ जनपद शाखा अयोध्या के नवीन कार्य कारिणी के गठन हेतु वार्षिक जनपदीय बैठक पूर्व सूचना के अनुसार सेमिनार हाल, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, विकास खण्ड परिसर मसौधा जनपद अयोध्या मे आहूत की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र द्वारा की गई। बैठक में जनपद के समस्त सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष अरबिन्द कुमार सिंह जी तथा संवर्ग के सेवा निवृत वरिष्ठ साथी गण संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। जनपदीय इकाई का गठन श्री सिंह के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी के रूप में किया गया। बैठक में जनपद अयोध्या की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मत से निम्न प्रकार किया गया। बालमुकुंद मिश्र - अध्यक्ष अंशुमान सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार रावत - मंत्री, सुबोध कुमार - संयुक्त मंत्री मंशा राम प्रचार मंत्री, राम लाल कोषाध्यक्ष, रुद्र प्रताप सिंह ऑडिटर बालमुकुंद मिश्र, अध्यक्ष द्वारा बैठक का समापन करते हुए, विशिष्ठ अतिथि समस्त वरिष्ठ सेवा निवृत साथी, मीडिया बंधु एवं सदस्य गणों का आभार प्रकट किया गया।

# राहुल के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने बांटा मिष्ठान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन अयोध्या में हर्षोल्लास के साथ केक काटा और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर राहगीरों को मिष्ठान वितरित किया गया तथा भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को शीतल जल एवं पेयजल पिलाया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) केअध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने जिला चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों को फल एवं दुग्ध वितरित किए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों की आवाज हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा नीलम तथा पीसीसी सदस्य राम अवध पासी ने कहा राहुल जी ने जिस प्रकार आप लोगों के सुख-दुख समझने के लिए 4000 किलोमीटर की यात्रा की जो अपने आप में एक मिसाल है। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि कि राहुल गांधी का जन्मदिवस कांग्रेस कार्यकर्ता जनसेवा एवं सहयोग एवं संवाद के माध्यम से जनाकांक्षाओं पर खरे उतरकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं, हम कांग्रेस जन उनके विचारों को अंगीकार देश को आगे बढ़ाने हेतु कृत संकल्प हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, उमेश उपाध्याय नाजिश फातिमा, कवीन्द्र साहनी, पंकज सिंह, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, अशोक राय, सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी, दानिश जिया, मंसाराम यादव, आदि प्रमुख रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान की बड़ी पहल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहे अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान ने एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए निःशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की है। इस आधुनिक सुविधा का उद्घाटन पूर्व सांसद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद ने संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल युग में ज्ञान और तकनीक तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। यह लाइब्रेरी युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल समाजसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना भी है। उन्होंने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी संसाधन एवं अन्य शैक्षिक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामकुमार, ओमप्रकाश दुबे, अरुण कुमार यादव, पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव, पार्षद मनीषा यादव, मनोज कुमार श्रीवास्तव बबलू, एडवोकेट महेश श्रीवास्तव, मनी श्रीवास्तव, दीपक पांडेय, गुंजन श्रीवास्तव, सालिक राम यादव, रूपेश सिंह, प्रदीप सिंह, सौरभ तिवारी, मनीष देव सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। समाजसेवा से शिक्षा तक, निरंतर बढ़ रहा संस्थान का दायरा : अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान विगत वर्षों से गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करता रहा है। कंबल वितरण, भोजन सेवा, आर्थिक सहायता, पशु सेवा और सामाजिक जागरूकता अभियानों के बाद अब डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को शिक्षा के क्षेत्र में एक दूरदर्शी कदम माना जा रहा है।

# योग से फिट हो रही रुदौली कोतवाली पुलिस

## प्रतिदिन हो रहा पीटी, व्यायाम और योगाभ्यास

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व रुदौली कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। रुदौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य के नेतृत्व में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं व्यायाम किए। कोतवाली प्रभारी संजय मौर्य की पहल पर कोतवाली में प्रतिदिन सुबह पीटी, व्यायाम और योगाभ्यास का नियमित कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सुबह छह बजे ही पुलिसकर्मी व्यायाम स्थल पर पहुंचकर शारीरिक प्रशिक्षण एवं योग करते हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है।कोतवाली प्रभारी ने कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होता है। ऐसे में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और आत्म विश्वास भी बढ़ाता है। नियमित योगाभ्यास से पुलिसकर्मी पूरे दिन ऊर्जावान और फुर्तीले बने रहते हैं।पुलिसकर्मियों ने भी माना कि योग और व्यायाम को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने से उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। तथा कार्य के प्रति उत्साह बढ़ा है। योग दिवस से पूर्व आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता और फिट पुलिस-फिट समाज की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। इससे पूर्व इस पहल को पटरंगा एसओ रहे विवेक सिंह व ओम प्रकाश ने नियमित रूप से शुरू कराया था।

# श्रीअवध बिहारी कुंज सरकार का मना पाटोत्सव



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** रामनगरी की सुप्रसिद्ध पीठ श्रीअवध बिहारी कुंज रामानंद नगर में विराजमान भगवान का 20वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान के प्राकट्य महोत्सव को श्रीअवध बिहारी कुंज के वर्तमान पीठाधिपति श्रीमहंत डॉ. गणेश दास लश्करी महाराज ने अपना सानिध्य प्रदान किया। शुक्रवार की सुबह सर्वप्रथम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्रीअवध बिहारी कुंज सरकार का वैदिक मंत्रोच्चारण संग पंचामृत, फलों का जूस और सुगंधित सर्व औषधियों से अभिषेक किया गया। तदुपरांत नवीन वस्त्र धारण कराकर उनका भव्य श्रृंगार किया। उसके बाद भगवान को फल-मिष्ठान समेत अन्य विविध व्यंजनों का लगा। तत्पश्चात पूजन-अर्चन कर उनकी दिव्य-भव्य आरती उतारी गई। फिर संत-महंत एवं भक्तजनों ने भगवान श्रीअवध बिहारी कुंज सरकार के प्राकट्य उत्सव का प्रसाद ग्रहण किया। अंत में पीठ के पीठाधीश्वर ने पधारे हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दिया। इस अवसर श्रीअवध बिहारी कुंज पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमहंत डॉ. गणेश दास लश्करी महाराज ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मठ के गर्भगृह में विराजमान श्रीअवध बिहारी कुंज सरकार का तिथि अनुसार प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। यह भगवान का 20वां प्राकट्य महोत्सव रहा। जिस पर कई धार्मिक कार्यक्रम-अनुष्ठान समेत संत-महंत, भक्तजनों का भंडारा संपन्न हुआ। श्रीमहंत ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह में आज ही के दिन सदगुरुदेव साकेतवासी श्रीमहंत महामंडलेश्वर रामसुखित दास फलाहारी महाराज द्वारा श्रीअवध बिहारी कुंज सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। तब से प्रतिवर्ष आश्रम में तिथि अनुसार भगवान का पाटोत्सव मनाया जा रहा है। अब चूंकि सदगुरुदेव हम सबके बीच नही है। उनका साकेतवास हो चुका है। तो इस परंपरा को अब मैं आगे बढ़ा रहा हूं। श्रीअवध बिहारी कुंज अयोध्या धाम का प्रमुख स्थान है, जिसकी गणना यहां के वरिष्ठतम पीठों में होती है। मठ में ठाकुरजी की सेवा संग गौ, संत, विद्यार्थी व आगंतुक सेवा सुचार रूप से चल रही है। सभी उत्सव, समैया, त्योहार आदि परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की ली सलामी

## अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल



**बलिया।** बताया जाता है दिनांक 19.06.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* द्वारा परेड ग्राउंड पुलिस लाइन जनपद बलिया में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई एवं एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए स्वयं के साथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण से दौड़ लगवायी गयी एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए सुझाव दिये गये । इसी क्रम में महोदय द्वारा थानों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देख-रेख व कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर श्री अक्षय कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम बेलास तथा पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक उ0नि0 श्री कौशल कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहें ।

# प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी भूमि की उर्वरता व अनाज की गुणवत्ता : आनन्द स्वरूप



**आजमगढ़ ।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संचालित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प योजना के तहत हरिऔध कला केन्द्र सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ला, पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा घनश्याम पटेल, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, लालगंज के विनोद राजभर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित घनश्याम पटेल, पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ने कृषकों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि भूमि की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विनोद राय, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री तथा अखिलेश मिश्र, सदस्य प्रदेश कार्य समिति ने भी किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती की उपयोगिता एवं इसके व्यापक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए 500 से अधिक किसानों एवं संबंधित व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया का ''लाइव डेमो जोन'' के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे किसान प्राकृतिक खेती की तकनीकों को सीधे तौर पर समझ सकें और अपने खेतों में अपनाने हेतु प्रेरित हों। कार्यक्रम में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एवं जल संरक्षण विषय पर विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। साथ ही ''कम लागत, अधिक आय'' विषयक किसान संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों एवं आय वृद्धि के उपायों की जानकारी दी गई। क्षेत्रवार फसल आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल भी प्रस्तुत किए गए तथा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफल किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला स्थल पर प्राकृतिक खाद, उन्नत बीज, जैविक कीटनाशक, मोटे अनाज (मिलेट्स), स्थानीय कृषि उत्पादों तथा आधुनिक सिंचाई तकनीकों से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## खबर एक नजर

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में होगा भव्य आयोजन

**बलिया।** बताया जाता है कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में 21 जून 2026 को प्रातः 06 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन के शामिल होने की संभावना है।क्षेत्रीय आर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किए है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास करें और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### धनउगाही के आरोप में लेखपाल निलंबित

**देवरिया।** तहसील सलेमपुर के एक लेखपाल द्वारा अनुचित धन लिये जाने की पुष्टि होने पर उन्हें उप जिलाधिकारी सलेमपुर द्वारा निलम्बित कर दिया गया है तथा उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो (भूलेख) कार्यालय सलेमपुर से सम्बद्ध किया गया है। जिलाधिकारी के गत दिवस जनता दर्शन के दौरान श्री प्रकाश यादव पुत्र रामदरस यादव, निवासी ग्राम सोनवर्षा, तप्पा सलेमपुर द्वारा हल्का लेखपाल रजनीश मिश्र पर उत्कोच धनराशि लिये जाने के उपरान्त भी कार्य नहीं किये जाने और अधिक धनराशि की मांग किये जाने का आरोप लगाया गया था, जिसकी वीडियो क्लिपिंग जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत भी किया। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया और इसकी जाँच मुख्य राजस्व अधिकारी से करायी, जिसमें आरोपी लेखपाल रजनीश मिश्र न्यायालय के आदेश का स्थलीय अनुपालन नहीं कराये जाने तथा उत्कोच धनराशि लेने के दोषी पाये गये। इस अनुचित कृत्य के लिये जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोप की पुष्टि होने के उपरान्त उप जिलाधिकारी सलेमपुर द्वारा लेखपाल रजनीश मिश्र को निलंबित कर दिया गया है तथा तहसीलदार सलेमपुर को जाँच अधिकारी नामित किया गया है।

# वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खुदान की प्रगति से प्रतिदिन करायें अवगत : डीएम

## सिलनी नदी के जीर्णोद्धार के क्रम मे 27 किमी0 तक हुई सिल्ट सफाई, 60 हजार लगाये जायेंगे पौधे



**आजमगढ़ ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण/पर्यावरण, जिला वेटलैण्ड समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वर्ष 2026-27 वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन, अग्रिम मृदा कार्य, एवं विशिष्ट वनों की स्थापना आदि पर बल दिया गया। वर्ष 2020 से 2023 में रोपित पौधों का स्थलवार विवरण के सम्बन्ध में वन अनुसंधान देहरादून द्वारा तृतीय पक्ष के मूल्यांकन किया गया है। 2025-26 में कराये गये पौधरोपण के उपरान्त पौधों की सिंचाई सुरक्षा एवं अनुरक्षण आदि की व्यवस्था पर बल दिया गया। शासन द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अन्तर्गत जनपद आजमगढ़ हेतु लगभग 65 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिसके सापेक्ष 27 विभागों को विभागवार लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने 01 लाख से अधिक वृक्षारोपण आवंटित विभागों पर्यावरण, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, उद्यान के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु तैयारियों को गम्भीरता से पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि 25 जून तक गड्ढ़ा खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। गड्ढ़ा खुदाई से संबंधित बुकलेट एक सप्ताह में संबंधित अधिकारी उपलब्ध करा दें। कुछ विभागों के वृक्षारोपण लक्ष्य को रीवाइज किया गया है, संबंधित विभाग को रीवाइज लक्ष्य को पूर्ण करें। वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने सिलनी नदी के जीर्णोद्धार पर बल देते हुए बताया कि 29 किमी0 प्रवाह क्षेत्र के सापेक्ष 27 किमी0 तक सिल्ट सफाई कार्य हो गया है, शेष भी अविलम्ब पूर्ण हो जायेगा। सिंचाई विभाग के अधि0 अभियन्ता को निर्देशित किया कि सिलनी नदी के दोनों किनारों पर 60 हजार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। नदी के दोनो किनारे पर गड्ढ़ा खुदान की प्रतिदिन की प्रगति से सीडीओ को अवगत करायें। डीएफओ आकांक्षा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अन्तर्गत विशिष्ट वनों की स्थापना व विशिष्ट क्रियाकलापों के क्रियान्वयन पर बल दिया जा रहा है। जैसे- मिशन छाया- हीट वेव के दुष्प्रभावों के नियंत्रण हेतु मार्गो के किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर छायादार वृक्षों का रोपण लोक निर्माण, पंचायती राज, आवास विकास, नगर विकास, परिवहन तथा शिक्षा विभाग द्वारा कराया जायेगा। वंदे मातरम वाटिका- वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपरान्त प्रत्येक जनपद में 15 अगस्त 2026 के दिन 150 पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा कराया जायेगा। महर्षि चरक औषधि वन- प्राचीन भारत के महान आर्युवेद विशेषज्ञ और चिकित्सक महर्षि चरक की स्मृति में औषधीय प्रजातियों का रोपण वन विभाग द्वारा कराया जायेगा। समरस वन- सामाजिक न्याय, समानता तथा संवैधानिक अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक, समाज सुधारक तथा संवधिान निर्माता डा0 भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर 135 पौधों का रोपण वन/समाज कल्याण विभाग द्वारा कराया जायेगा। समृद्धि वन- ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों की समृद्धि में वानिकी के दृष्टिगत समृद्धि वन की स्थापना कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग द्वारा कराया जायेगा। कपि वन- शहरों में मानव-वानर द्वन्द के न्यूनीकरण के दृष्टिगत शहर की आबादी के बाहर फलदार प्रजाति का रोपण नगर एवं आवास विकास द्वारा कराया जायेगा। ऊर्जा वन- वैश्विक ऊर्जा संकट के दृष्टिगत जलौनी लकड़ी की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित करने लिए ऊर्जा वन की स्थापना ग्राम्य एवं पंचायती द्वारा कराया जायेगा। एक्सप्रेसवे वृक्षारोपण- प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे के दोनो तरफ रिक्त पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण यूपीडा, वन विभाग/अन्य कार्यदायी विभाग द्वारा कराया जायेगा। अविरल धारा वृक्षारोपण- नदियों के पुनरोद्धार हेतु नदियों के दोनों तटों पर वृक्षारोपण नमामि गंग एवं जलापूर्ति, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास, नगर विकास, लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराया जायेगा। सहजन भण्डारा- प्रोटीन व विटामिन से भरपूर सहजन पौधों का रोपण (प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी, मुख्यमंत्री आवास योजना, जीरो पावर्टी योजना के लाभार्थी) वन विभाग द्वारा कराया जायेगा। आम भण्डारा- पोषक तत्वों का पावर हाऊस तथा पाचन में सुधार, इम्यूनिटी बढ़ाने, त्वचा के स्वास्थ्य और हृदय स्वास्थ्य के लिए उपयोगी फल आम के देशी प्रजातियों का रोपण वन/उद्यान विभाग द्वारा कराया जायेगा। ग्रीन चौपाल- पर्यावरण एवं वन के संरक्षण एवं संवर्धन के दृष्टिगत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का आयोजन वन विभाग द्वारा कराया जायेगा। भाई-बहन वृक्षारोपण- रक्षाबन्धन के दिन रक्षाबन्धन वाटिका की स्थापना वन विभाग द्वारा कराया जायेगा। एक पेड़ गुरू के नाम- शिक्षक दिवस/विशिष्ट तिथि को एक पेड़ गुरू के नाम वृक्षारोपण वन विभाग द्वारा कराया जायेगा।

# पुरानी रंजिश में घर पर हमला, लूट का आरोप

**आजमगढ़ ।** के कोठरा गांव (थाना कोतवाली क्षेत्र) में 16 जून 2026 की रात हुए एक गंभीर विवाद में कई लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला, लूटपाट और महिलाओं के साथ बदसलूकी का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में पीड़िता शारदा विश्वकर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, रात करीब 8:50 बजे जब परिवार के सदस्य घर में मौजूद थे, तभी पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग लाठी-डंडा, रॉड और धारदार हथियारों के साथ घर पर पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी।इस दौरान पीड़िता के जेठ प्यारे लाल विश्वकर्मा को गंभीर रूप से पीटा गया, जिससे वे बेहोश हो गए। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों को भी निशाना बनाया गया, आरोप है कि हमले के दौरान महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई तथा सोने की चैन और मंगलसूत्र छीनकर लूटपाट की गई। साथ ही घर के दरवाजे, वाहन और अन्य सामान को भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया।हमले में कई लोग घायल हो गए, जिनमें परिवार के बुजुर्ग सदस्य की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उनकी स्थिति नाजुक है और वे बार-बार बेहोश हो रहे हैं।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पहले दर्ज एफआईआर में गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी और नामजद व अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में थाना कोतवाली पुलिस से तत्काल कार्रवाई कर विवेचना तेज करने और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की अपील की गई है।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन

**आजमगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय आजमगढ़ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना राय ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुन्ना राय ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लगातार उठाकर जनता की आवाज बनने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के लिए संघर्ष का प्रतीक हैं तथा उनके विचार करोड़ों लोगों को प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देशहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयां वितरित की गईं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।


## कार्यालय : जलकल विभाग, नगर निगम अयोध्या

पत्रांकः- 360 / ज0क0वि0न0नि0 अयो0 / अल्पकालीन निविदा / 2026-27 दिनांकः- 18/6/ 2026

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

नगर निगम अयोध्या में नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के उपरान्त निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा बाक्स के माध्यम से आमंत्रित की जानी है, तत्क्रम मे दिनांक 25/06/2026 तक महाप्रबन्धक (जल) के कक्ष मे निविदा पेटिका मे निविदायें पूर्वाहन 10.00 बजे से 3.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जायेगी तथा उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष 04.00 बजें खोली जायेगी। इच्छुक फर्मे / ठेकेदार निविदा प्रपत्र दिनांक 19/06/2026 से 25/06/2026 तक कार्यालय नगर निगम अयोध्या के जलकल विभाग से प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। अल्पकालीन निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे संलग्न है। अल्पकालीन निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी महोदय के नाम एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 / डी0डी0 के रूप में सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही होगा। नगर आयुक्त महोदय को बिना कोई कारण बताये अति अल्पकालीन निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा, कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित धनराशि (रुपयों में) (With out G.S.T.) | जमानत धनराशि रुपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T. | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-1 अयोध्या धाम के विभिन्न स्थानों पर अधिष्ठापित नलकूपों पर लगे 01 नग 15 के0वी0ए0 01 नग 63 के0वी0ए0 एवं 01 नग 125 के0वी0ए0 जनरेटर का मरम्मत कार्य हेतु। | 2,63,250.00 | 26,350.00 | 320.00 | 30 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता (जल)**
नगर निगम अयोध्या

**महाप्रबन्धक (जल)**
नगर निगम अयोध्या



## कार्यालय उप जिलाधिकारी भिनगा जनपद श्रावस्ती।

संख्या /रा0नि0(कार्या0)-मत्स्य पालन आवंटन-प्रे0वि0/2026-27 दिनांक जून, 2026

### प्रेस विज्ञप्ति

[illegible]

| क्र0 सं0 | तालाब ग्राम का नाम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल हे0में | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | 1493 | 0.3860 | 1930 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 2 | [illegible] | 87 | 0.2350 | 1175 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 3 | [illegible] | 490 | 1.0720 | 5360 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 4 | [illegible] | 917 | 2.0960 | 10480 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 5 | [illegible] | 453 | 0.8740 | 4370 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 6 | [illegible] | 420 | 0.3840 | 1920 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 7 | [illegible] | 2126 | 0.2790 | 1395 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 8 | [illegible] | 447 | 0.3800 | 1900 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 9 | [illegible] | 2049 | 0.3680 | 1840 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 10 | [illegible] | 610 | 0.3930 | 1965 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 11 | [illegible] | 125 | 0.4210 | 2105 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 12 | [illegible] | 358 | 0.2400 | 1200 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 13 | [illegible] | 686 | 0.6720 | 3360 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 14 | [illegible] | 307 | 0.2900 | 1450 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 15 | [illegible] | 551 | 0.5180 | 2590 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 16 | [illegible] | 2223 | 0.5870 | 2935 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 17 | [illegible] | 789 | 0.2580 | 1290 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |
| 18 | [illegible] | 369 | 0.2640 | 1320 | 2000 | 30.06.2026 | नायब तहसीलदार |

उप जिलाधिकारी
भिनगा।

उ0प्र0 252746 दिनांक- 18.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

भारत सरकार

नमामि गंगे

# गंगा जी के किनारे सिर्फ दृश्य नहीं बदले...
# लोगों का भरोसा भी लौटा है।

## नमामि गंगे

निर्मलता का संकल्प | विकास का विश्वास | जनभागीदारी का अभियान









**गंगा पुनर्जीवन को मिली वैश्विक पहचान।**
संयुक्त राष्ट्र ने नमामि गंगे को विश्व की "Top 10 Restoration Flagships" पहल में शामिल किया।

**जैव विविधता संरक्षण को मिली नई शक्ति।**
डॉल्फिन की संख्या लगभग दोगुनी हुई, मगरमच्छ और कछुआ संरक्षण को बढ़ावा मिला तथा 205 लाख फिश फिंगरलिंग गंगा में छोड़ी गईं।

**गंगा संरक्षण बना जनआंदोलन।**
139 जिला गंगा समितियों, 50,000 स्वयंसेवकों और लाखों युवाओं की भागीदारी ने इस अभियान को जन-जन से जोड़ा।

**हरित गंगा तटों का विस्तार।**
33,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण से पर्यावरण और जैव विविधता को नई शक्ति मिली।

**सीवेज उपचार में अभूतपूर्व सुधार।**
शोधन क्षमता 110 MLD से लगभग 38 गुना बढ़कर 4,153 MLD हुई, जिससे गंगा में गिरने वाले प्रदूषित जल में भारी कमी आई।

**स्वच्छ गंगा में आस्था का महासंगम।**
प्रयागराज महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने निर्मल गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

**माँ गंगा की अविरलता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता।**
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्मृति-चिह्नों की नीलामी से प्राप्त राशि इस अभियान को समर्पित की।

"गंगा भारत की जीवनधारा है।
गंगा का संरक्षण
भारत के भविष्य का संरक्षण है।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



CBC 45125/13/0002/2627

12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

For more information: visit https://nmcg.nic.in/